दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली  बुधवार 13 मई -2026 | ● वर्ष : 11  अंक : 140 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## दोबारा होगी नीट परीक्षा, फिर से फीस नहीं देनी होगी और रिफंड भी मिलेगा

**बड़ी राहत**

**राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने हिमंता बिस्वा सरमा और चारों विधायकों को शपथ दिलाई**




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने नीट यूजी 2026 को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए 3 मई 2026 को आयोजित परीक्षा रद्द कर दी है। एजेंसी ने केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद परीक्षा दोबारा कराने की घोषणा की है। परीक्षा रद्द होने के फैसले के बाद छात्रों और अभिभावकों के बीच चिंता का माहौल है, हालांकि फीस रिफंड और दोबारा आवेदन की जरूरत न होने से अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है।

हां, एनटीए ने नोटिस जारी कर अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि परीक्षा दोबारा आयोजित कराई जाएगी।

नहीं, फिर से आवेदन और शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को फिर से आवेदन करने या अतिरिक्त परीक्षा शुल्क जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

हां, एनटीए ने नोटिस में कहा है कि पहले जमा की गई परीक्षा फीस भी छात्रों को वापस की जाएगी।

### नीट यूजी परीक्षा दोबारा कब होगी?

एनटीए ने पुनर्परीक्षा की तिथि समय से जुड़ी कोई जानकारी अभी तक साझा नहीं की है। एनटीए ने कहा है कि दोबारा आयोजित होने वाली परीक्षा की तारीखें और दोबारा जारी किए जाने वाले एडमिट कार्ड का शेड्यूल जल्द ही आधिकारिक आधिकारिक माध्यमों से जारी किया जाएगा।


**नीट यूजी 2026 परीक्षा कितने अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया? :** इस वर्ष नीट यूजी 2026 परीक्षा के लिए देशभर से लगभग 22.79 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

**नीट यूजी परीक्षा कितने शहरों में आयोजित हुई? :** परीक्षा भारत के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई थी।

## 14 मई को गाजियाबाद आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

**कमला नेहरू नगर स्थित अत्याधुनिक गुप्तचर परिसर में होगा आयोजन, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 14 मई को गाजियाबाद पहुंचेंगे। उनका दौरा बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार गृहमंत्री कमला नेहरू नगर स्थित गुप्तचर विभाग के अत्याधुनिक और हाई सिक्योरिटी कार्यालय परिसर में आयोजित विशेष सरकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। कार्यक्रम को गोपनीय श्रेणी में रखा गया है और सुरक्षा एजेंसियां लगातार तैयारियों में जुटी हुई हैं। सूत्रों के मुताबिक गृहमंत्री अमित शाह यहां गुप्तचर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसके साथ ही वह एक विशेष दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगे, जिसमें विभागीय अधिकारियों और प्रशिक्षुओं की मौजूदगी रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र से जुड़े अहम विषयों पर



भी चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। गृहमंत्री के दौरे को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां और खुफिया विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गए हैं। कार्यक्रम स्थल के आसपास बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, पीएसी और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती की तैयारी चल रही है। कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले मार्गों की निगरानी बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में चेकिंग अभियान भी चलाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि गृहमंत्री किस मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे, इसे अभी पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। सुरक्षा कारणों से उनके रूट और मूवमेंट की जानकारी सीमित अधिकारियों तक ही रखी गई है। संभावना है कि अंतिम समय में रूट तय किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की सुरक्षा चूक की संभावना न रहे।

### आज देर रात तक फाइनल होगा कार्यक्रम

करंट क्राइम : पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार बुधवार देर रात तक गृहमंत्री के कार्यक्रम का विस्तृत प्रोटोकॉल और टाइम शेड्यूल अंतिम रूप ले लेगा। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान और अधिकारियों की ड्यूटी तय की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन लगातार केंद्रीय एजेंसियों के संपर्क में बना हुआ है। सूत्रों का कहना है कि यह कार्यक्रम सामान्य सार्वजनिक कार्यक्रमों की तुलना में काफी निजी और गोपनीय रखा गया है। मीडिया और आम लोगों की पहुंच भी सीमित रह सकती है। कार्यक्रम स्थल पर केवल अधिकृत अधिकारियों और आमंत्रित लोगों को ही प्रवेश मिलने की संभावना है। इसी कारण पूरे आयोजन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं।

## राजकुमार भाटी की टिप्पणी सपा की ब्राह्मण विरोधी मानसिकता का प्रमाण : सुनील शर्मा



**कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार समाज को जातियों में बांटने की राजनीति करती रही है और अब उनके नेताओं की भाषा भी उसी सोच को दर्शा रही है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सपा नेता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज पर की जा रही अभद्र टिप्पणियां केवल किसी एक नेता की व्यक्तिगत सोच नहीं, बल्कि समाजवादी पार्टी की ब्राह्मण विरोधी मानसिकता का खुला प्रदर्शन हैं।

सुनील शर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार समाज को जातियों में बांटने की राजनीति करती रही है और अब उनके नेताओं की भाषा भी उसी सोच को दर्शा रही है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की धरती पर ब्राह्मण समाज का हमेशा सम्मान रहा है और किसी भी समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी लोकतांत्रिक राजनीति के लिए उचित नहीं कही जा सकती।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के अहंकार और जातिवादी राजनीति का जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम कर रही है, जबकि विपक्ष केवल विभाजनकारी राजनीति में लगा हुआ है।

सुनील शर्मा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में 'जय भगवान परशुराम' लिखते हुए ब्राह्मण समाज के सम्मान और सामाजिक समरसता के पक्ष में अपनी प्रतिबद्धता भी जताई।

## पीएम मोदी पर टिप्पणी के विरोध में आज भाजपा करेगी प्रदर्शन

## सपा सांसद अजेंद्र लोधी का पुतला दहन होगा



**भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि प्रदर्शन आज सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर आयोजित होगा।**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र लोधी द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज भाजपा महानगर इकाई कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम के दौरान सपा सांसद का पुतला दहन भी किया जाएगा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि प्रदर्शन आज सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश की 145 करोड़ जनता की भावनाओं और जनादेश का प्रतिनिधित्व करते हैं, ऐसे में उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग भाजपा कार्यकर्ता और देशवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा की ओर से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और मातृशक्ति के शामिल होने की अपील की गई है। पार्टी नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन सार्वजनिक जीवन में मयार्दा और शालीनता बनाए रखना भी आवश्यक है।

## यूपी-112 को मिले 19 नए पीआरवी वाहन, आपातकालीन सेवाएं होंगी और तेज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यूपी-112 परियोजना के अंतर्गत 19 नए पीआरवी वाहनों को शामिल किया गया है। इनमें



3 चार पहिया पीआरवी वाहन (स्कॉर्पियो) और 16 दो पहिया पीआरवी वाहन (पल्सर मोटरसाइकिल) शामिल हैं। इन वाहनों को विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में पीड़ितों और कॉलर्स तक पुलिस की पहुंच और अधिक तेज हो सकेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा यूपी-112 परियोजना के द्वितीय चरण में यह वाहन गाजियाबाद कमिश्नरेट को आवंटित किए गए हैं। नए वाहनों के शामिल होने से रिस्पॉन्स टाइम में सुधार आने के साथ-साथ आपातकालीन सेवाएं अधिक प्रभावी और मजबूत होंगी।

मंगलवार को पुलिस लाइन कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया। इस दौरान एडीसीपी प्रोटोकॉल एवं नोडल अधिकारी यूपी-112 राकेश पांडेय, एसीपी यातायात/यूपी-112, प्रभारी यूपी-112, परिवहन शाखा के अधिकारी और यूपी-112 कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार नए चार पहिया और दो पहिया पीआरवी वाहन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। खासतौर पर ट्रैफिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में दो पहिया पीआरवी की मदद से घटनास्थल तक तेजी से पहुंचना संभव होगा।

## करंट क्राइम आमना-सामना में बृजपाल तेवतिया ने खोला वर्ष 2017 का राज

## कहा- मुझे मोदीनगर से मिला था टिकट का प्रस्ताव, मैंने कर दिया था इनकार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बृजपाल तेवतिया राजनीति की एक बड़ी शख्सियत हैं। भाजपा की राजनीति का मजबूत जाट फेस है। किसान राजनीति का भी चेहरा हैं। वो विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं, टिकट की दावेदारी में नाम है। दैनिक करंट क्राइम के डिजिटल मंच पर आमना-सामना में वर्ष 2017 का राज खोला। उन्होंने बताया कि उन्हें टिकट का ऑफर था। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया ने करंट क्राइम के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कई मुद्दों पर बात की। ये पूरा इंटरव्यू फेसबुक पर देखा जा सकता है। कई सवालों के उन्होंने खुलकर जवाब दिये। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया ने चुनाव से जुड़ी एक सनसनीखेज सच्चाई का खुलासा किया।

उनसे सवाल हुआ कि अगर वर्ष 2027 में आपको विधानसभा से चुनाव का मौका नहीं मिलता है, आपका टिकट नहीं होता है तो क्या ये माना जाए कि आपकी दावेदारी वाली पारी खत्म हो गई। यहां पर बृजपाल तेवतिया ने एक कहानी



के जरिये रोचक तरीके से बात रखी। उन्होंने उदाहरण दिया और कहा कि ऐसा नहीं है कि केवल टिकट के लिये राजनीति हो रही है। ऐसा भी नहीं है कि अगर विधानसभा का टिकट नहीं मिला तो राजनीति में सक्रिय नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति हमेशा उन लोगों के भीतर जीवित रहती है जो राजनीति को जीते हैं। राजनीति जनसेवा का माध्यम है। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया ने एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में मुझे भाजपा से चुनाव लड़ने का अवसर मिला था। उन्होंने बताया कि भाजपा के एक बड़े सम्मानीय चेहरे ने मुझसे मोदीनगर सीट से चुनाव लड़ने के लिये कहा था। बृजपाल तेवतिया ने इन बड़े चेहरे का नाम नहीं लिया और कहा कि मुझे ये कहा गया था कि आप जैसे व्यक्ति का विधायक होना राजनीति में जरूरी है, लेकिन परिस्थितियां इतनी तेजी से घूमी कि मैं तय नहीं कर सका और मैंने मोदीनगर से चुनाव लड़ने में असमर्थता जता दी।

उनसे सवाल हुआ कि वर्ष 2016 में आपके ऊपर जानलेवा गंभीर हमला हुआ था और तब ये माना जा रहा था कि आपको सिम्पैथी टिकट मिलेगा। सब साथ थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और टिकट नहीं मिला। इस सवाल पर बृजपाल तेवतिया ने कहा कि ये वर्ष 2016 की बात है तब सपा सरकार में ऐसे हमले आम बात थी। भाजपा कानून व्यवस्था का मुद्दा उठा रही थी। थानों का घेराव हो रहा था। उन्होंने कहा कि मुझे सिम्पैथी टिकट नहीं मिला, कोई बात नहीं, लेकिन इस तरीके की घटना की सिम्पैथी मेरी पार्टी को मिली, भाजपा को मिली। लिहाजा उत्तर प्रदेश में सरकार बनी। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने के लिये इस बार मेरी प्राथमिकता मोदीनगर, मुरादनगर की है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर अब बहुत ज्यादा इच्छा नहीं है। पार्टी अगर टिकट देगी तो भी ठीक, अगर पार्टी टिकट नहीं देगी तो भी ठीक। हालांकि बृजपाल तेवतिया ने पूरी बातचीत में ये संकेत दिये कि वो टिकट दावेदारी में नाम आने पर मुरादनगर पर फोकस करेंगे।

राजनीति में वो अपना आदर्श किसे मानते हैं, राजनीति में सम्मान के सवाल पर बृजपाल तेवतिया ने कहा कि केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राजनीति में मेरे आदर्श पुरुष हैं। उन्होंने कहा कि जनरल वीके सिंह का मैं व्यक्तिगत रूप से बेहद सम्मान करता हूं। उन्होंने राजनीति के इन दोनों बड़े नामों के बीच कोई समानता या कोई अंतर करने से खुद को दूर रखा। बृजपाल तेवतिया ने कहा कि वो अपने राजनीति भविष्य को लेकर पूरी तरह निश्चिंत है। उन्होंने फिर दोहराया कि राजनीति उनके लिये जनसेवा का माध्यम है। इसके अलावा बृजपाल तेवतिया ने दैनिक करंट क्राइम से डिजिटल मंच पर कई मुद्दों को साझा किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में हमेशा ऊर्जा के साथ काम करना होता है, संकल्प के साथ काम करना होता है और राजनीति का ग्राफ तभी ऊंचा होता है जब आप सबसे निचली पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में सोचते हैं। दैनिक करंट क्राइम फेसबुक मंच पर ये पूरा इंटरव्यू देखा जा सकता है। बृजपाल तेवतिया के रोचक जवाबों को सुना जा सकता है। वो किस तरह से भाजपा की बात रख रहे हैं ये देखा जा सकता है।

## मेरठ तिराहा पर बड़ा बदलाव: सिद्धार्थ विहार जाने वाला कट स्थायी रूप से बंद

### नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू, जाम और यातायात अवरोध की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लिया गया निर्णय

**बदलाव**

**पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नई यातायात व्यवस्था का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रैफिक पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मेरठ तिराहा पर महत्वपूर्ण बदलाव लागू किया है। 12 मई से मोहननगर की ओर से आकर सिद्धार्थ विहार जाने वाले कट को आरसीसी बैरियर लगाकर स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

अब तक मोहननगर की तरफ से आने वाला यातायात मेरठ तिराहा कट से दाहिने मुड़कर सीधे सिद्धार्थ विहार की ओर जाता था। इस व्यवस्था के कारण सिद्धार्थ विहार से नया बस अड्डा और मेरठ की ओर जाने वाले वाहनों के साथ-साथ मेरठ एवं हापुड़ तिराहा की ओर जाने वाले यातायात पर लगातार दबाव बनता था। इससे मेरठ तिराहा क्षेत्र में बार-बार जाम और यातायात अवरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।




### अब इस मार्ग से जाएगा सिद्धार्थ विहार का यातायात

नई व्यवस्था के तहत अब मोहननगर की ओर से सिद्धार्थ विहार जाने वाले वाहन मेरठ तिराहा से आगे बढ़कर गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन के पास से दाहिने मुड़ेंगे। इसके बाद वाहन टैंक तिराहा होते हुए नया बस अड्डा पुल की साइड रोड से होकर सिद्धार्थ विहार पहुंचेंगे।

### ट्रैफिक पुलिस ने जनता से किया सहयोग का आग्रह

करंट क्राइम। यातायात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने आमजन से अपील की है कि नई यातायात व्यवस्था का पालन करें और यातायात पुलिस का सहयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का पालन करने से न केवल जाम की समस्या कम होगी बल्कि सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

### सुरक्षित चलें – सुरक्षित रहें

करंट क्राइम। यह नई व्यवस्था शहर की ट्रैफिक प्रणाली को अधिक व्यवस्थित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने नागरिकों से धैर्य और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

## सड़क पर लापरवाही पड़ेगी भारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों समेत 5657 चालान

### देर रात तक चला विशेष प्रवर्तन अभियान, 23 प्रमुख चेकिंग प्वाइंट पर रही पुलिस की पैनी नजर

**ट्रैफिक पुलिस का बड़ा अभियान**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा विशेष प्रवर्तन अभियान



चलाया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों, अवैध हूटर-सायरन, प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। दो दिनों तक चले इस अभियान में हजारों वाहन चालकों पर चालान की कार्रवाई कर नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ा संदेश दिया गया।

यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश और सीपी गाजियाबाद के नेतृत्व में 9 और 10 मई को रात 8 बजे से 11 बजे तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के 23 प्रमुख तिराहों, चौराहों और चेकिंग प्वाइंट पर यातायात पुलिस की टीमें तैनात की गईं। अभियान के दौरान सड़क हादसों के प्रमुख कारणों को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों की शेष, पृष्ठ 8



# हिमंता दूसरी बार बने असम के सीएम

## 2 बीजेपी और 2 सहयोगी दलों से मंत्री बने, सभी ने असमिया में शपथ ली

**शपथ ग्रहण**

**राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने हिमंता बिस्वा सरमा और चारों विधायकों को शपथ दिलाई**



**नई दिल्ली।** हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ 4 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।इसमें भाजपा के रामेश्वर तेली और अजंता नेओग, एजीपी के अतुल बोरा और बीपीएफ के चरण बोरो शामिल हैं।

गुवाहाटी के खानापारा इलाके में वेटरनरी ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने हिमंता बिस्वा सरमा और चारों विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सुवेंदु अधिकारी, देवेंद्र फडणवीस समेत कई बड़े नेता पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सबानंद सोनोवाल, पवित्र मार्घेरिटा, बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद थे।

असम में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। बतौर मुख्यमंत्री हिमंत का यह दूसरा कार्यकाल होगा। जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है, उनमें नेओग, बोरा और बोरो सरमा की पहली कैबिनेट के सदस्य थे, जबकि तेली, जो पहले केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं, राज्य की राजनीति में वापस लौटे हैं। पिछली सरकार में नेओग वित्त मंत्री थीं, जबकि बोरा कृषि विभाग संभाल रहे थे और बोरो के पास परिवहन विभाग था। बता दें कि एनडीए ने 126 सदस्यों वाली विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीटें जीतीं, जिनमें से 82 सीटें भाजपा के खाते में गईं। इखढ के सहयोगी दलों, असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट ने 10-10 सीटें जीतीं।

केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा कि लगातार तीसरी बार बीजेपी-एनडीए की सरकार बनने जा रही है। यह हमारे लिए एक बड़ा दिन है। असम की जनता और एनडीए के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। इस ऐतिहासिक अवसर का गवाह बनने के लिए पूरे राज्य से लोग यहां आए हैं। त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने कहा कि असम में भाजपा की सरकार बनने पर हम बहुत खुश हैं।

## देश में गहराएगा आर्थिक संकट, गरीबों को राहत दे सरकार : मायावती

**लखनऊ।** 'सोने की खरीद टालें, पेट्रोलियम पदार्थ कम उपयोग करें", पीएम नरेंद्र मोदी की इस अपील पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर जारी बयान में कहा कि अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के विरुद्ध जारी युद्ध समाप्ति की अनिश्चितता के कारण ऊर्जा संकट व विदेशी मुद्रा भंडार की चिंताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे यह साबित होता है कि भारत के सामने संकट केवल पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस समेत सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थों का ही नहीं, बल्कि आर्थिक संकट भी गहराएगा। इससे करोड़ों देशवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इसके अभी जारी रहने की भी आशंका है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि ऐसे समय में जब देश की लगभग 100 करोड़ जनता कोरोना काल के बाद जबरदस्त रोजी-रोटी के संकट की मार झेल रही है।

# नीट पेपर लीक: देशभर से 16 लोग हिरासत में आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए मुंडन कराया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट मामले में जांच एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में अब तक 16 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस मामले में महाराष्ट्र के दो लोगों की संलिप्तता सामने आई है, जिन्हें राजस्थान पुलिस और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त अभियान में पकड़ा गया। इस मामले में सीबीआई ने केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिया गया एक आरोपी महाराष्ट्र के नासिक का रहने वाला है और बीएएमएस के अंतिम वर्ष का छात्र है। 30 वर्षीय शुभम खैरनार इंदिरानगर पुलिस थाना क्षेत्र का निवासी है और पढ़ाई के सिलसिले में बाहर रह रहा था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि वह एक एजुकेशनल काउंसलर के तौर पर भी काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे नासिक क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने जाल बिछाकर उसे उस समय हिरासत में लिया, जब वह इंदिरानगर थाना क्षेत्र में दर्शन के लिए मंदिर जा रहा था।

जांच एजेंसियों को तकनीकी सूचनाओं के आधार पर आरोपी की तस्वीर मिली थी। आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए अपना हुलिया बदल लिया था, लेकिन क्राइम ब्रांच के एक कांस्टेबल ने उसकी सटीक पहचान कर ली, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए मुंडन करवाया था। नासिक सिटी के पुलिस उपायुक्त




किरण कुमार चव्हाण ने बताया कि सुबह राजस्थान पुलिस की ओर से अनुरोध प्राप्त हुआ था।

इसके बाद नासिक क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। उन्होंने कहा कि आरोपी को राजस्थान पुलिस के पहुंचने पर उनके हवाले कर दिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी ने अपना भेष बदलकर जांच से बचने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच जारी है और पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# भाजपा राज में देश के नौजवानों का भविष्य सुरक्षित नहीं : संजय सिंह

**हमला**

**नीट परीक्षा का पेपर पहली बार लीक नहीं हुआ है, इससे पहले वर्ष 2024 में भी पेपर लीक हुआ था**



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी शिक्षा माफिया के साथ मिलकर देश के नौजवानों का भविष्य बर्बाद करने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर पहली बार लीक नहीं हुआ है, इससे पहले वर्ष 2024 में भी पेपर लीक हुआ था और अब 3 मई को हुई परीक्षा में 180 में से 135 सवाल लीक होने का मामला सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफिया के पूरे गिरोह को संरक्षण दे रहे हैं, जिसकी वजह से बार-बार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं और लाखों छात्र-छात्राओं तथा उनके परिवारों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है।

संजय सिंह ने कहा कि देश के लाखों नौजवान दिन-रात मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

# पेपर लीक सिर्फ सरकार की नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध: राहुल गांधी

**नई दिल्ली:** नीट-यूजी 2026 रद्द होने के बाद देशभर में छात्रों और पेरेंट्स के बीच भारी नाराजगी है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, सपनों और परिवारों के त्याग को ह्लभ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया है।




राहुल गांधी ने कहा कि किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की लेकिन बदले में उन्हें पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार मिला। उन्होंने इसे सिर्फ नाकामी नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ ह्लअपराधह्व बताया है।

**नीट परीक्षा रद्द होने से बढ़ा छात्रों का संकट :** एनटीए ने 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दिया है। जांच एजेंसियों को ऐसे इनपुट मिले थे कि परीक्षा की गोपनीयता से समझौता हुआ है। सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी है और दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया है।

**राहुल गांधी ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप :** राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्रों को सजा भुगतनी पड़ती है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर युवाओं की तकदीर मेहनत की बजाय पैसे और पहुंच से तय होगी तो शिक्षा व्यवस्था का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी के अमृतकाल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह देश के लिए विषकाल बन गया है।

**देशभर में विरोध प्रदर्शन, दोबारा परीक्षा की तैयारी :** नीट परीक्षा रद्द होने के बाद कई शहरों में छात्रों और छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। दिल्ली में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन किया और एनटीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

# टीवीके मुख्यमंत्री विजय ने सदन को बताया लोकतंत्र का दिल और दिमाग

**सख्ती**

**टीवीके ने मंगलवार को सार्वजनिक स्थानों पर पार्टी के बैनर और पोस्टर लगाने पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाया**



**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ टीवीके ने मंगलवार को सार्वजनिक स्थानों पर पार्टी के बैनर और पोस्टर लगाने पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगा दिया, जिससे लोगों को असुविधा हो या यातायात बाधित हो। इसने अपने कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि सार्वजनिक उपद्रव करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सार्वजनिक कल्याण को प्राथमिकता देना :** यह निर्देश पार्टी के सार्वजनिक कल्याण को प्राथमिकता देने के घोषित लक्ष्य को सुदृढ़ करने की दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। पार्टी के महासचिव और मंत्री एन आनंद द्वारा जारी एक बयान में कहा है कि टीवीके नेतृत्व ने इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी सदस्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस आदेश को पार्टी अध्यक्ष की स्पष्ट स्वीकृति प्राप्त है।

वहीं, आज तमिलनाडु विधानसभा में अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री विजय ने कहा, यहां सभी समान हैं।

## मुंबई में ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़, 13 पकड़े

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में कच्चा माल और रसायन जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए 4 लाख रुपये के रसायनों से करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन तैयार की जा सकती थी। इस कार्रवाई से बाजार में सिंथेटिक ड्रग्स की सप्लाई करने वाले तस्करों की बड़ी योजना नाकाम हो गई है। मीरा भयंदर-वसई विरार क्राइम यूनिट ने मुंबई के मालवणी (समान नगरी, आजमी नगर) और गोराई (मौजे मनोरी) इलाकों में छापेमारी कर यह सफलता हासिल की। पुलिस अब तक कुल 13.65 करोड़ रुपये का सामान जब्त कर चुकी है, जिसमें 13.61 करोड़ रुपये की 6.773 किलो तैयार एमडी शामिल है। इस मामले में अब तक दो महिलाओं समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी जांच 4 अप्रैल को ठाणे के मीरा रोड इलाके से शुरू हुई थी। वहां फिरदौस अरबाज कुरैशी नाम की महिला से 2.66 करोड़ रुपये की एमडी मिली थी। फिरदौस और उसके पति अरबाज वकील कुरैशी से

# विनेश के आरोपों पर बृजभूषण का तीखा पलटवार

## बोले- उस गंदगी को साफ कर रहे, जिसे उन्होंने पीछे छोड़ा

**पलटवार**

**बृजभूषण ने कहा कि कुश्ती मैच कहां होंगे यह निर्णय भारतीय कुश्ती महासंघ के अधिकार क्षेत्र में है**



**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में कार्रवाई जारी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) के एक सदस्य का बयान दर्ज किया है। यह मामला भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ है।

अदालत ने जांच अधिकारी का बयान दर्ज करने के लिए 15 और 19 मई की तारीख तय की है। कांग्रेस नेता और पहलवान विनेश फोगाट ने बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों पर बृजभूषण शरण सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह उस गंदगी को साफ कर रहे हैं, जिसे विनेश फोगाट ने पीछे छोड़ा है।

बृजभूषण ने यह भी कहा कि कुश्ती मैच कहां होंगे, यह उनका विषय नहीं है।

यह निर्णय अब भारतीय कुश्ती महासंघ के अधिकार क्षेत्र में आता है। महासंघ तय करेगा कि मैच कहां होंगे और कौन प्रतिस्पर्धा करेगा। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर कहा कि महासंघ किसी भी एथलीट को प्रतिस्पर्धा करने से नहीं रोकता। महासंघ केवल एथलीटों के लिए मौजूद है और यदि किसी को रोका गया तो कारण बताया गया होगा।

राउज एवेन्यू कोर्ट इस संवेदनशील मामले की सुनवाई कर रही है। एसआईटी सदस्य का बयान दर्ज करना जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जांच अधिकारी के बयान से मामले में और स्पष्टता आने की उम्मीद है। अदालत मामले को गंभीरता से ले रही है।

**बृजभूषण का पलटवार :** बृजभूषण शरण सिंह ने विनेश फोगाट के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि वह महासंघ में छोड़ी गई 'गंदगी' को साफ कर रहे हैं।

## हत्या मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्रा दोषी करार

**प्रयागराज।** विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट के जज योगेश कुमार तृतीय ने 1980 के एक हत्या मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत चार लोगों को दोषी ठहराया है। विजय मिश्रा भदोही जिले के विधायक थे और वर्तमान में जेल में बंद हैं।

**क्या है मामला :** यह हत्याकांड साल 1980 का है, जब प्रयागराज कचहरी परिसर के भीतर ही दिनदहाड़े हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में विजय मिश्रा को मुख्य आरोपियों बनाया गया था। विजय मिश्रा तीन बार सपा और एक बार निषाद पार्टी से विधायक रह चुके।

**सजा का एलान जल्द, सुरक्षा कड़ी :** कोर्ट द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अब सभी की निगाहें सजा के एलान पर टिकी हैं। विशेष अदालत जल्द ही विजय मिश्रा समेत अन्य तीन दोषियों की सजा पर फैसला सुनाएगी। कानूनी जानकारों के अनुसार, हत्या जैसे संगीन मामले में दोष सिद्ध होने पर विजय मिश्रा को उम्रकैद या इससे भी कठोर सजा मिल सकती है।

# एलपीजी उपभोक्ताओं की फिर बढ़ी परेशानी, नहीं मिल रहा सिलिंडर

**परेशानी**

**गाजियाबाद जिले के सवा दो लाख उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं**



**गाजियाबाद।** केवाईसी (नो योर कस्टमर) और मोबाइल नंबर अपडेट न होने की वजह से गाजियाबाद जिले के सवा दो लाख उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनकी समस्या का समाधान न तो आपूर्ति विभाग और न ही एजेंसी के स्तर पर हो पा रहा है।

जिले में 12 लाख से अधिक एलपीजी उपभोक्ता हैं। इसमें सवा दो लाख उपभोक्ताओं की केवाईसी और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं। एजेंसियों पर नंबर अपडेट और केवाईसी कराने के लिए कतारें लग रही हैं।

एजेंसियों के सामने सर्वर धीमी गति से काम करने की समस्या आ रही है। इसी वजह से इन उपभोक्ताओं को सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। सुल्तानपुर गैस एजेंसी के संचालक अमित चौधरी ने बताया कि तुरंत नंबर बदलने की प्रक्रिया अब बंद कर दी गई है।

**तीन माह का करना होगा इंतजार**

ऐसे में वे उपभोक्ता जिनका नंबर खो गया है या बंद हो गया है तो उनको नंबर अपडेट कराने के लिए तीन माह का इंतजार करना होगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद नंबर तीन माह में अपडेट होगा। इसके बाद ही वह सिलिंडर के लिए बुक कर सकते हैं।

## एनसीपी में कार्यकारिणी सूची से दिग्गजों के नाम गायब, मची हायतौबा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-अजित पवार गुट) में अपनी नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी है, लेकिन इसके जारी होने के बाद से राजनीतिक भ्रम फैल गया है। भारत निर्वाचन आयोग को सौंपे गए दस्तावेज ने पूरे महाराष्ट्र में चर्चाओं को तेज कर दिया है। दरअसल ऐसा लग रहा है कि इसमें पवार परिवार की अगली पीढ़ी के पक्ष में अनुभवी दिग्गजों को दरकिनार कर दिया गया है।

जब 29 अप्रैल की तारीख वाली कार्यकारिणी सूची से प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे और दिलीप पाटिल जैसे दिग्गजों के नाम गायब दिखे, तो लोगों में असमंजस और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई।

नई बनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में, सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष, उनके बड़े बेटे और राज्यसभा सांसद पार्थ पवार को राष्ट्रीय महासचिव और छोटे बेटे जय पवार को राष्ट्रीय सचिव के तौर पर शामिल किया गया है।

# टीएमसी के आरोपों पर सीएम शुभेंदु अधिकारी का पलटवार, मनोज अग्रवाल की नियुक्ति पर दिया जवाब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। इस फैसले पर मुख्य विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कड़ी आपत्ति जताई है। टीएमसी का सीधा आरोप है कि हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा का कथित तौर पर साथ देने का इनाम उन्हें दिया गया है। इन सब आरोपों के बीच पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी को जवाब दिया है।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मनोज अग्रवाल की नियुक्ति का पर कहा कि मनोज अग्रवाल सिर्फ एक पूर्व सीईओ नहीं हैं, बल्कि वह राज्य के सबसे वरिष्ठ सिविल सेवक भी हैं। उन्होंने विरोधियों पर निशाना साधते हुए स्पष्ट किया कि अगर किसी को कोई परेशानी है, तो वह जाकर दूसरों से बात करे। सीएम ने बेहद सख्त लहजे में कहा कि भाजपा की सरकार पूरी तरह से कानून और नियमों के दायरे

**पलटवार**

**टीएमसी का सीधा आरोप है कि चुनाव में भाजपा का कथित तौर पर साथ देने का इनाम उन्हें दिया गया है**



में रहकर काम कर रही है। मनोज अग्रवाल 1990 बैच के अनुभवी आईएएस अधिकारी हैं। प्रशासनिक नियमों के मुताबिक वरिष्ठता के आधार पर ही उन्हें मुख्य सचिव का यह अहम पद सौंपा गया है। भाजपा सरकार ने साफ कर दिया है कि वह विपक्ष के दबाव में नियमों से कोई भी समझौता नहीं करेगी।

**मनोज अग्रवाल की नियुक्ति पर टीएमसी को क्या आपत्ति ? :** इस पूरी नियुक्ति पर टीएमसी के नेताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है। टीएमसी का गंभीर आरोप है कि मनोज अग्रवाल ने विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के पक्ष में काम किया था। उनका कहना है कि जिस अधिकारी ने चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराने की कसम खाई थी, उसे अब भाजपा सरकार में सबसे बड़ा और ताकतवर प्रशासनिक पद दे दिया गया। टीएमसी के सांसदों और कई बड़े नेताओं ने इसे पूरी तरह से गलत कहा। उनका कहना है कि यह सीधे तौर पर चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है। टीएमसी का मानना है कि यह प्रशासनिक नियुक्ति एकतरफा है और यह सीधे तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ उठाया गया कदम है।

# दिल्ली में पूर्वोत्तर की महिला से बदसलूकी, सख्त कार्रवाई की मांग

**शिलॉन्ग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने दिल्ली में पूर्वोत्तर की एक महिला के साथ हुई कथित मारपीट की घटना पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने असम की रहने वाली महिला के साथ हुए शारीरिक और नस्लीय उत्पीड़न की निंदा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ‍ह्लहिंसा और भेदभाव के ऐसे बार-बार होने वाले कृत्यों को अलग-थलग घटनाओं के रूप में खारिज नहीं किया जा सकता है। कानून के तहत इन्हें सबसे सख्त सजा मिलनी चाहिए।

संगमा ने अधिकारियों से घटना में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले पूर्वोत्तर के लोगों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा, पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ नस्लीय भेदभाव और हिंसा को हमारे समाज



में कोई स्थान नहीं है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**महिलाओं से हुई थी बदसलूकी :** प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि पीड़ित महिलाओं के साथ अभद्र टिप्पणियां और गाली-गलौज की गई थी। इसके बाद पीड़ितों और आरोपियों के बीच विवाद और हाथापाई हुई। दोनों पीड़ित महिलाओं को एम्स अस्पताल ले जाया गया था। वहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी।

## मजार की दीवार पर चला बुलडोजर, अवैध कॉलोनी भी ध्वस्त

**बरेली।** बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव मुंडिया अहमदनगर में श्मशान भूमि के रास्ते के विवाद को खत्म कराने के लिए सोमवार को अतिक्रमण हटाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से मजार की दीवार और निजी कब्जे को हटाकर रास्ता साफ किया गया। ग्रामीणों के अनुसार, चकमार्गों पर निजी कॉलेज और कुछ लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया था। बरेली-पीलीभीत हाईवे की ओर से जाने वाला मुख्य रास्ता मजार बनाकर बंद कर दिया गया था। इससे ग्रामीणों को अंत्येष्टि के लिए निजी खेतों से होकर गुजरना पड़ता था। हाल ही में शव ले जाने के दौरान हुई छींटाकशी से विवाद गहरा गया था।

भारतीय किसान यूनियन ने रास्ता खुलवाने के लिए ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल की। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की। नायब तहसीलदार विदित कुमार, कानूनगो जगदीश गंगवार, लेखपाल योगेंद्र कुमार व अनिल कुमार पुलिस बल के साथ सोमवार को गांव पहुंचे।

# 2700 करोड़ की धोखाधड़ी

## सुप्रीम कोर्ट में ईडी की याचिका पर होगी सुनवाई

**चुनौती**

**यह मामला कथित अवैध कोयला खनन और चोरी से जुड़ा हुआ है**



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक निजी फर्म के निदेशक को धन शोधन मामले में मिली अग्रिम जमानत को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की है। यह मामला कथित अवैध कोयला खनन और चोरी से जुड़ा हुआ है।


न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने अनूप माझी को नोटिस जारी किया है। माझी कोयला खरीद-बिक्री के कारोबार में लगी एक फर्म के निदेशक थे। कोर्ट ने ईडी की याचिका पर माझी से जवाब मांगा है।

ईडी ने दिल्ली हाई कोर्ट के पिछले साल जून में दिए गए उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें 2020 में दर्ज धन शोधन मामले में माझी को अग्रिम जमानत दी गई थी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि माझी 2,700 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मुख्य सूत्रधार थे, जिसमें राष्ट्रीय संसाधनों की लूट हुई। उन्होंने तर्क दिया कि माझी काफी समय से फरार चल रहे थे।

पीठ ने ईडी से पूछा कि माझी सीबीआई की हिरासत में थे, तो ईडी ने उन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया?

दैनिक
www.currentcrime.com
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 13 मई -2026
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# ब्राह्मणों पर टिप्पणी कर फंसे राजकुमार भाटी चौतरफा विरोध के बाद दबाव में मांगी माफी

## समाजवादी होने का दावा करने वाले नेता ने समाज को बांटने का काम किया – ब्राह्मण संगठनों का हमला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के नेता और प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई विवादित टिप्पणी ने प्रदेश की राजनीति में नया बवाल खड़ा कर दिया है। उनके बयान के सामने आते ही ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी फैल गई और देखते ही देखते मामला राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में चर्चा का बड़ा विषय बन गया। ब्राह्मण संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने राजकुमार भाटी के बयान को समाज को बांटने वाला और बेहद आपत्तिजनक बताते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कई नेताओं ने इसे सस्ती राजनीति और जातीय वैमनस्य फैलाने की कोशिश करार दिया है। विवाद बढ़ने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी राजकुमार भाटी के खिलाफ जबरदस्त विरोध देखने को मिला।

लोगों ने उनके बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को शब्दों की मयार्दा नहीं भूलनी चाहिए। मामला लगातार तूल पकड़ता गया और विरोध का दबाव इतना बढ़ा कि आखिरकार राजकुमार भाटी को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर सफाई देनी पड़ी। वीडियो में उन्होंने अपने बयान को भूल बताते हुए माफी मांगी और कहा कि उनका उद्देश्य किसी धर्म, जाति या वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। हालांकि ब्राह्मण समाज के कई संगठनों और नेताओं ने उनकी माफी को दबाव में उठाया गया कदम बताते हुए इसे पर्याप्त नहीं माना। नेताओं का कहना है कि किसी समाज विशेष के खिलाफ सार्वजनिक मंच से टिप्पणी करना गंभीर मामला है और केवल माफी मांग लेने से जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। कई संगठनों ने राजकुमार भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दैनिक करंट क्राइम द्वारा जब इस पूरे मामले को लेकर ब्राह्मण नेताओं से बातचीत की गई तो अधिकांश नेताओं ने राजकुमार भाटी की मानसिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली है और ऐसे नेताओं पर राजनीतिक दलों को भी कार्रवाई करनी चाहिए।

### ब्राह्मण और गुर्जर समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं: अनिल शर्मा



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी के बयान पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उसकी कड़ी निंदा की है। अनिल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज और गुर्जर समाज देश और समाज के निर्माण में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। दोनों समाजों की क्षेत्र में गहरी साख और सम्मान है। उन्होंने कहा कि सपा प्रवक्ता ने जो बयान दिया है, वह निंदनीय और समाज को बांटने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ब्राह्मण समाज और गुर्जर समाज समेत सभी वर्गों का सम्मान करती है। इस तरह के बयान न केवल समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी खराब करते हैं।

### सार्वजनिक भाषा में संयम बरतना चाहिए: योगेश त्रिपाठी



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी के हालिया बयान पर भाजपा नेता योगेश त्रिपाठी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक राजनीतिक व्यक्ति को सार्वजनिक मंच पर इस तरह की भाषा का उपयोग नहीं करना चाहिए। योगेश त्रिपाठी ने कहा कि राजनीति में शब्दों की मयार्दा सबसे जरूरी होती है। नेताओं के बयान समाज पर सीधा असर डालते हैं, इसलिए उन्हें सोच-समझकर बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजकुमार भाटी एक जिम्मेदार राजनीतिक पद पर हैं, ऐसे में उनका बयान भड़काऊ और समाज में वैमनस्य पैदा करने वाला है। भाजपा हमेशा सभी समाजों और वर्गों का सम्मान करती है। किसी भी समाज या व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द दोनों के लिए हानिकारक है। योगेश त्रिपाठी ने कहा कि राजनीति मुद्दों और विकास पर होनी चाहिए, न कि समाज को बांटने वाले बयानों पर।

### ब्राह्मण समाज समेत किसी भी समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं: हेमलता शर्मा



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा महिला विंग की महानगर अध्यक्ष हेमलता शर्मा ने कहा है कि ब्राह्मण समाज समेत किसी भी समाज का अपमान स्वीकार्य नहीं है। हेमलता शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा देश, धर्म और समाज की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी भी समाज को नीचा दिखाने वाले बयान सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में मयार्दा और भाषा का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि समाज में वैमनस्य न फैले। हेमलता शर्मा ने कहा कि महिला संगठन समाज को जोड़ने का काम करता है। इस तरह के बयानों से महिलाओं और बच्चों पर भी गलत असर पड़ता है। उन्होंने मांग की कि सभी राजनीतिक दल अपने प्रवक्ताओं और नेताओं को बयानबाजी में संयम रखने के निर्देश दें। हेमलता शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज शांतिप्रिय है, लेकिन सम्मान और स्वाभिमान पर चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि समाज में नफरत फैलाने वाले बयानों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### राजकुमार भाटी भविष्य में इस प्रकार की बयानबाजी से बचें : आरडी शर्मा



करंट क्राइम। सामाजिक कार्यकर्ता एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासभा के प्रमुख आरडी शर्मा ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आरडी शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार की टिप्पणी राजकुमार भाटी द्वारा की गई, वह केवल एक जाति विशेष का नहीं बल्कि भगवान परशुराम के वंशजों और पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को अपनी भाषा और शब्दों का चयन बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार राजकुमार भाटी द्वारा माफी मांग ली गई है, इसलिए समाज ने संयम का परिचय दिया है, लेकिन भविष्य में यदि इस प्रकार की बयानबाजी दोबारा की गई तो ब्राह्मण समाज इसका खुलकर विरोध करेगा और बड़े स्तर पर मोर्चा भी खोला जाएगा। आरडी शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों और नेताओं से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समाज या वर्ग के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना उचित नहीं है।

### राजकुमार भाटी पर हो कानूनी कार्रवाई : पंकज शर्मा



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के नेता पंकज शर्मा ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के विवादित बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज विशेष के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना उचित नहीं है। ऐसे बयान समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करते हैं और सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते हैं। पंकज शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के खिलाफ दिए गए बयान से लोगों में भारी रोष है तथा प्रशासन को मामले का गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में भाषा की मयार्दा बनाए रखना बेहद जरूरी है और नेताओं को समाज को जोड़ने का काम करना चाहिए, न कि बांटने का।

### आज ब्राह्मण हर जाति के निशाने पर आ गया है : केके. शुक्ला



करंट क्राइम : केके शुक्ला ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समाज लगातार राजनीतिक और सामाजिक निशाने पर है तथा विभिन्न दलों और व्यक्तियों द्वारा ब्राह्मण वर्ग पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। केके शुक्ला ने कहा कि जिस प्रकार देश में ब्राह्मण समाज को टारगेट कर हास्य और उपहास का विषय बनाने का प्रयास किया जा रहा है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा दिया गया बयान कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पहले समाज को आहत करने वाले बयान दिए जाते हैं और बाद में औपचारिक माफी मांगकर मामले को दबाने का प्रयास किया जाता है। इस तरह की राजनीति समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती है। केके. शुक्ला ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान करना चाहिए तथा सार्वजनिक मंचों से मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

### राजकुमार भाटी की भाषा ठीक नहीं : आदेश शर्मा



करंट क्राइम : आदेश शर्मा ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जताई है। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा एवं ब्राह्मण परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष आदेश शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया गया है, वह पूरी तरह निंदनीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज को कमजोर या गलत तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज में सौहार्द बिगाड़ने वाली बयानबाजी से बचना चाहिए और सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। आदेश शर्मा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग की कि वह इस मामले का संज्ञान लेते हुए राजकुमार भाटी के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी तरह से क्षमा योग्य नहीं है और इससे समाज में गलत संदेश जाता है।

# कैश वैन लूटकांड के दो एक लाख के इनामी बदमाश पुलिस एनकाउंटर में ढेर


## वेव सिटी क्षेत्र में देर रात हुई मुठभेड़, पुलिस और बदमाशों के बीच चली ताबड़तोड़ गोलियां

**एनकाउंटर**

**सीपी के निर्देश पर डीसीपी सिटी, एडीसीपी व क्राइम ब्रांच स्वॉट ने लिया मोर्चा**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट ने मंगलवार देर रात एक बड़े ऑपरेशन में कैश वैन लूटकांड के दो मुख्य आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराया। एक-एक लाख रुपये के इनामी बदमाश जुबेर और समीर को क्राइम ब्रांच स्वाट टीम और कई थानों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में ढेर कर दिया गया। इस कार्रवाई में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

दोनों बदमाश पुलिस की वांटेड सूची में शामिल थे और कैश वैन लूट की वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। बताया गया है कि वेव सिटी क्षेत्र में पुलिस को दोनों बदमाशों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी अनिल राजपूत के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की। थाना सिहानी गेट प्रभारी कुलदीप दीक्षित और वेव सिटी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह की टीम भी ऑपरेशन में शामिल रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जैसे ही पुलिस टीम ने दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया, बदमाशों ने पुलिस पर पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं, जिसमें दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कैश वैन लूटकांड के बाद से गाजियाबाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस का दावा है कि जुबेर और समीर कई अन्य आपराधिक घटनाओं में भी वांछित थे और दोनों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

घटना के बाद पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और अन्य जांच एजेंसियों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर रही है।

### पुलिस कमिश्नर के कार्यकाल का छठवां फुल एनकाउंटर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यकाल के दौरान यह छठवां बड़ा एनकाउंटर माना जा रहा है, जिसमें कुख्यात अपराधियों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। इससे पहले भी कई चर्चित अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की थी। इनमें कुख्यात बदमाश बलराम ठाकुर, लोनी क्षेत्र में जानलेवा हमले के आरोपी दो सगे भाई और हाल ही में टीलामोड क्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोपी का एनकाउंटर शामिल रहा। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद पुलिस कमिश्नरेट अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का संदेश देने में जुटा है।

### लूट कांड के मास्टरमांड थे जुबेर और समीर

करंट क्राइम = डीसीपी सिटी के अनुसार जुबेर और समीर कैश वैन लूटकांड के मुख्य आरोपी थे। वारदात के बाद से दोनों फरार चल रहे थे और लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस को आशंका थी कि दोनों किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में भी थे। दोनों आरोपियों पर पुलिस कमिश्नर द्वारा एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अपराध शाखा, स्वाट टीम और कई थानों की पुलिस लगातार इनकी तलाश में दबिश दे रही थी। इस हाई प्रोफाइल ऑपरेशन में कई वरिष्ठ अधिकारियों और विशेष टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। ऑपरेशन का नेतृत्व डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने किया। क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी अनिल राजपूत, थाना सिहानी गेट प्रभारी कुलदीप दीक्षित एसीपी क्राइम अमित सक्सेना, एसीपी बेवसिटी प्रियाश्री पाल व वेव सिटी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह अपनी टीमों के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन पूरी रणनीति और सतर्कता के साथ अंजाम दिया गया।

### घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम व अधिकारी

करंट क्राइम : एनकाउंटर के बाद पूरे इलाके को पुलिस ने घेराबंदी कर सील कर दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से कारतूस, हथियार और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात तक घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अब दोनों बदमाशों के नेटवर्क, हथियार सप्लाई और अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

# ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर सपा नेता राजकुमार भाटी के खिलाफ एफआईआर, भाजपा नेता अजय शर्मा ने खोला मोर्चा

## कवि नगर थाने में दर्ज कराई शिकायत, बोले ब्राह्मण समाज के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**शिकायत**

**अजय शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के नेता राजकुमार भाटी द्वारा एक सभा के दौरान ब्राह्मण समाज पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने थाना कवि नगर में राजकुमार भाटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। भाजपा नेता अजय शर्मा ने इस बयान पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से सनातन संस्कृति और हिंदू धर्म की रक्षा करता आया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सर्वोपरि था, सर्वोपरि है और सर्वोपरि रहेगा। यदि कोई व्यक्ति समाज विशेष के खिलाफ गलत और भड़काऊ बयानबाजी करेगा तो उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अजय शर्मा ने कहा कि वह स्वयं ब्राह्मण समाज से आते हैं और समाज के सम्मान की रक्षा करना उनका दायित्व है। उन्होंने राजकुमार भाटी की टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा नेता अजय शर्मा ने तुरंत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर से फोन पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस कमिश्नर द्वारा थाना कवि नगर पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके बाद राजकुमार भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। इस दौरान अजय शर्मा के साथ भाजपा के पूर्व महानगर महामंत्री लेखराज माहौर व युवा नेता कुंजन पंडित भी मौजूद रहे। अजय शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है और समाज में वैमनस्य फैलाने वाले बयानों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# इन्दिरापुरम के सात पार्षदों में नहीं है कौन सा एक उनके साथ उपलब्धि के जश्न पर होर्डिंग में तो दिखेगा मगर व्हाट्सऐप ग्रुप पर बनी है दूरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इन्दिरापुरम इलाके में सात निगम वार्ड आते हैं। इस बार ये वार्ड निगम कार्यकाल में खास है। क्योंकि इस बार इन सातों वार्ड में निगम का राज है। पहले यहां जनता पार्षद को चुनती थी लेकिन विकास का जिम्मा जीडीए के पास ही रहता था। ये वार्ड निगम की सीमा में नहीं आते थे। मगरअब इसमें परिवर्तन हो गया है और ये वार्ड नगर निगम के वार्ड हैं। नगर निगम को ये वार्ड हैंडओवर हो चुके हैं। सातों वार्ड एक साथ हैंडओवर हुए लेकिन बताया जाता है कि सात वार्ड में एक वार्ड अलग चल रहा है और 6 वार्ड एक साथ चल रहे हैं। ये कहानी तब सामने आई जब वार्ड पार्षदों ने एक साथ कार्यकाल की उपलब्धियों की खुशी जताने की योजना




बनाई। क्षेत्र में होर्डिंग लग गये हैं। इन्दिरापुरम के पार्षद होर्डिंग लगा रहे हैं उपलब्धियां बता रहे हैं कार्यकाल का जश्न मना रहे हैं। लेकिन सूत्र बताते हैं कि ये सात पार्षद एक साथ नहीं है। एक पार्षद ऐसा है जो अलग राह पर है और आधा दर्जन पार्षद अलग राह पर साथ चल रहे हैं। विचारों की भिन्नता है या सोच का टकराव है लेकिन इतना कन्फर्म है कि राहें अलग हैं। हालांकि ये नई बात नही है लेकिन जिन पार्षद के बारे में ये बात हो रही है उनके बारे में हाउस टैक्स वृद्धि वाले मामले में अलग ही बयान दिया था। तब भी वो इन आधा दर्जन पार्षदों के रडार पर आ गये थे। अब एक बार फिर जब इन्दिरापुरम में होर्डिंग लग रहे हैं तो ये पार्षद साथ नहीं है। सातवां पार्षद अलग चल रहा है। ये कहानी होर्डिंग बता रहे हैं।

होर्डिंग में फोटो में जगह दे दी गई है लेकिन बताया जाता है कि दल वालों के दिल में उनके लिए वो जगह नहीं है। जश्न की खुशी चल रही है मगर व्हाट्सऐप ग्रुप से वो दूर हैं। किसने किसको छोड़ा, किसने किसको लेफ्ट किया, ये बाद की बात है लेकिन व्हाट्सऐप ग्रुप से एक दूसरी बनी हुई है।

# हापुड़ में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में प्रॉपर्टी डीलर की सोमवार रात 11 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रॉपर्टी डीलर अतुल तोमर (32) कार से शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी चार लोगों ने उनकी कार रुकवाई। शीशा खोलने का इशारा किया। बात न मानने पर बदमाशों ने शीशा तोड़कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली अतुल के सीने में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। खून से लथपथ अतुल को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अतुल को अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मामला जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर पिलखुआ क्षेत्र में रिलायंस रोड का है। परिजनों का आरोप है कि पिछले एक साल से एक प्लॉट को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था।

13 May -26 page 4 12-05-2026 9:40 PM Page 1



## संपादकीय

# ईंधन बचत की अपील

पेट्रोलियम मंत्रालय ने लोगों से सार्वजनिक परिवहन और एव का इस्तेमाल करने की अपील की है, ताकि पेट्रोल-डीजल की खपत कम की जा सके। पश्चिम एशिया में संकट के कारण क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ रही हैं, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ रहा है। सरकार ने भरोसा दिया है कि देश में ईंधन की कमी नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी के बाद सोमवार को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी लोगों से सार्वजनिक परिवहन और एव का इस्तेमाल करने की अपील की, ताकि पेट्रोल-डीजल की खपत कम की जा सके। यह अपील पश्चिम एशिया में लंबे समय से चले आ रहे संकट का नतीजा है और तय था कि गतिरोध लंबा खिंचने की सूरत में कुछ एहतियाती उपाय तो करने ही होंगे। हालांकि, सरकार ने सिर्फ अपील की है और यह भरोसा भी दिया है कि देश में ईंधन की कमी नहीं है।

रुपये पर दबाव। पीएम नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल के कम इस्तेमाल के साथ एक साल तक सोना न खरीदने और गैस व फर्टिलाइजर की बढ़ती कीमतों पर भी बात की। इन सभी के लिए भारत आयात पर बहुत ज्यादा निर्भर है। संघर्ष शुरू होने के बाद से कीमतें बढ़ रही हैं और देश को अपनी जरूरत के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ रहा है, जो डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होता जा रहा है। महंगा होता क्रूड जब अमेरिका-इस्राइल ने ईरान पर हमला किया, तब क्रूड ऑयल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था और अब यह 100 के पार है। तेल मार्केटिंग कंपनियों पर हर दिन 1600 से 1700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, जो अभी तक उपभोक्ताओं पर नहीं आया है। लेकिन, ऐसा लंबे समय तक नहीं चल सकता। जब होर्मुज स्ट्रेट में तनाव जल्द कम होने की उम्मीद नहीं दिख रही, तब विकल्पों की ओर बढ़कर आर्थिक दबाव से निपटा जा सकता है।

रिन्यूबल का रेकॉर्ड। कार पूलिंग, वर्क फ्रॉम होम जैसे कदम फौरी तौर पर भले कुछ राहत दें, लेकिन देश को जरूरत है दीर्घकालिक उपायों की। ऊर्जा के लिए आयात पर निर्भरता घटाने के रास्ते तलाशने होंगे। रिन्यूबल एनर्जी और एव से इसमें मदद मिलेगी। सौर और पवन ऊर्जा के मामले में भारत तेजी से बढ़ रहा है। कुल बिजली क्षमता में आधे से ज्यादा हिस्सा, 262.7 गीगावॉट अब रिन्यूबल एनर्जी का हो चुका है। लेकिन, सोलर इंडस्ट्री के लिए जरूरी सामानों पर चीन पर निर्भरता है। इफिशिएंसी और अतिरिक्त ऊर्जा को स्टोर करने पर काम करना होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत। एव की बात करें तो 2025 में 23 लाख इलेक्ट्रिक वीकल बिके, जो रेकॉर्ड है। लेकिन, कुल वाहनों में इनकी हिस्सेदारी केवल 8% रही। चीन, यूरोप के मुकाबले भारत एव अपनाने में पीछे है, क्योंकि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। पश्चिम एशिया संकट ने आयात पर अति निर्भरता से जुड़े जोखिमों को सामने ला दिया है। ऐसे में एनर्जी बास्केट में विविधता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि अगली बार तेल संकट आए तो ऐसी स्थिति न बने।

# पेट्रोलियम मंत्री ने पीएम की अपील को गंभीरता से लेने की दी सलाह



### सरकारी तेल कंपनियों की आर्थिक स्थिति पर क्या बोले?

इसी बीच, पेट्रोलियम मंत्री ने सरकारी तेल कंपनियों की आर्थिक स्थिति को लेकर भी गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहीं, तो सरकारी तेल विपणन कंपनियों का पूरा वित्त वर्ष 2025-26 का मुनाफा खत्म हो सकता है।

### सरकारी तेल कंपनियां कितना नुकासन झेल रही?

पुरी के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण भारतीय तेल कंपनियों पर भारी दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकारी तेल कंपनियां हर दिन करीब 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान झेल रही हैं। अगर यही स्थिति जारी रही तो एक तिमाही में इनका कुल नुकसान लगभग एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि देश में फिलहाल ईंधन और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अपील का जिक्र करते हुए पुरी ने कहा कि इसे गंभीरता से लेना चाहिए। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश में ईंधन और एलपीजी सप्लाई को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत में फिलहाल किसी तरह का फ्यूल संकट नहीं है और सरकार ने एहतियात के तौर पर एलपीजी उत्पादन में भारी बढ़ोतरी की है।

दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 में बोलते हुए पुरी ने कहा कि देश के पास इस समय 69 दिनों का कच्चा तेल और एलएनजी का भंडार मौजूद है, जबकि 45 दिनों का एलपीजी स्टॉक सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए एलपीजी उत्पादन को 35-36 हजार टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 54 हजार टन प्रतिदिन कर दिया गया है।

### पीएम की अपील पर क्या बोले?

पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को भी गंभीरता से लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक अपील नहीं बल्कि देश के लिए वेक-अप कॉल है, ताकि भारत पश्चिम एशिया संकट से पैदा होने वाले आर्थिक दबाव को कम करने के उपायों पर काम कर सके। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से ईंधन का समझदारी से इस्तेमाल करने की अपील की थी। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने, मेट्रो रेल का अधिक उपयोग करने, कारपूलिंग अपनाने, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और रेलवे के जरिए पार्सल भेजने जैसे सुझाव दिए थे। साथ ही उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोने की खरीदारी और विदेश यात्राएं टालने की भी सलाह दी थी। उन्होंने बताया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं। इसकी बड़ी वजह अमेरिका-ईरान तनाव और सप्लाई बाधित होने की आशंका है। मंत्री ने कहा कि मौजूदा कीमतों पर सिर्फ एक तिमाही का नुकसान ही सरकारी तेल कंपनियों के पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के टैक्स के बाद के मुनाफे को खत्म कर सकता है। उद्योग जगत के अनुमानों के मुताबिक, सार्वजनिक क्षेत्र की तीन बड़ी तेल कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में संयुक्त रूप से करीब 1.2 लाख करोड़ रुपये के नुकसान में जा सकती हैं।

पहले बाजार विशेषज्ञों का अनुमान था कि अगर कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहीं तो कंपनियों को हर महीने लगभग 27 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा। लेकिन वास्तविक नुकसान का आंकड़ा इन अनुमानों से भी ज्यादा तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है, जबकि अब तक कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल से नीचे ही रही हैं।

# सीआईआई के कार्यक्रम में बोले श्रम मंत्री 'सरकार गरीबों की समर्थक और उद्योगों की हितैषी'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने साफ किया है कि देश में चार नई संहिताएं पूरी तरह से अमल में आ गईं हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि वर्तमान सरकार गरीब समर्थक और उद्योग हितैषी हैं।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मौजूदा सरकार को गरीब समर्थक और उद्योगों का हितैषी बताया है। साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश में चार नई श्रम संहिताएं पूरी तरह से अमल में आ गई हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2026 के दौरान बोलते हुए



केंद्रीय श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम और उद्योगों को एक दूसरे के पूरक होना चाहिए और प्रभावी समन्वय के लिए बदलाव के अनुकूल व्यवहार करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि चार नई श्रम संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को एक आसान ढांचे में लाया गया है।

सरकार पांच वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस महीने की शुरूआत में नए नियम जारी कर चार नई श्रम संहिताओं को पूरी तरह अमल में ले आई है। ये चार श्रम संहिताएं हैं- वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता 2020। ये श्रम संहिताएं 21 नवंबर 2025 को लागू की गई थीं।

# मेटा में 8000 कर्मचारियों की छंटनी: एआई पर फोकस और रिकॉर्ड खर्च के बीच मार्क जुकरबर्ग का सख्त कदम




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव चरम पर है। वहीं, दूसरी ओर दुनिया के टेक जगत में एआई के कारण लोगों की नौकरियां जाने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा 20 मई को अपने 8,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग अब मेटा को छोटी और एआई-संचालित टीमों के इर्द-गिर्द फिर से तैयार कर रहे हैं। हाल ही में पहली तिमाही के नतीजों के दौरान जुकरबर्ग ने स्पष्ट कर दिया है।


### एआई के कारण बदल रहा है कंपनी का ढांचा

जुकरबर्ग का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरणों की मदद से अब एक या दो लोग एक हफ्ते में वह काम कर रहे हैं, जिसे पूरा करने में पहले दर्जनों इंजीनियरों को महीनों लग जाते थे। इसी बदलाव को देखते हुए कंपनी अपनी टीमों को छोटा और अधिक उत्पादक बना रही है। जुकरबर्ग के अनुसार, यह फैसला केवल लागत कम करने के लिए नहीं, बल्कि मेटा को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का एक संरचनात्मक विकल्प है। कंपनी में अब अल्ट्राफ्लैट ढांचा लागू किया जा रहा है, जहां 50 इंजीनियरों पर केवल एक मैनेजर काम कर रहा है।

### बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश और शेयर बाजार की प्रतिक्रिया

मेटा इस साल अपने बुनियादी ढांचे, विशेषकर डेटा सेंटर, कस्टम चिप्स और एआई मॉडल ट्रेनिंग पर 125 से 145 अरब डॉलर का रिकॉर्ड पूंजीगत खर्च कर रही है। कंपनी की मुख्य वित्तीय अधिकारी सुसान ली ने स्पष्ट किया है कि बुनियादी ढांचे पर खर्च पिछले साल के मुकाबले लगभग दोगुना हो गया है, जिसके कारण कर्मचारियों के वेतन और कंपनी के बजट के बीच असंतुलन पैदा हुआ है। इसी असंतुलन को पाटने के लिए 20 मई की छंटनी का फैसला लिया गया है। सुसान ली ने यह भी माना कि एआई की तेजी से बदलती क्षमताओं के बीच मेटा का आदर्श आकार क्या होना चाहिए, इसका अब कोई स्पष्ट जवाब नहीं है। इस भारी खर्च और अनिश्चितता के कारण निवेशकों में भी चिंता देखी गई, जिसके चलते अर्निंग कॉल के बाद मेटा के शेयरों में 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## रोचक तथ्यों का करंट



- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- रेंडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।
- हाथी 3 मील दूर तक पानी की गंध ले सकते हैं।
- पेंगुइन के पास घुटने भी होते हैं।
- सूर्य भालू की सभी भालू प्रजातियों में सबसे लंबी जीभ होती है – 8 से 10 इंच लंबी!
- बाघों को न केवल उनके फर पर पट्टियां होती हैं, बल्कि वे उनकी त्वचा पर भी होती हैं। दो बाघों में कभी भी एक जैसी ही पट्टी नहीं होती है।
- महिला कोमोडो ड्रेगन को पुनरुत्पादन के लिए एक पुरुष की जरूरत नहीं होती है।

# रुपया गिरा तो टूटेगा $5 ट्रिलियन इकॉनमी का सपना: एसबीआई की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** ईरान संकट और वैश्विक अस्थिरता के कारण डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरती कीमत ने भारत के 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य पर सवालिया निशान लगा दिया है। एसबीआई रिसर्च की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यदि रुपया 95 के स्तर पर बना रहता है ईरान संकट से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर 95 के स्तर से नीचे आ गया है।



एसबीआई रिसर्च की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अगर रुपया 95 के स्तर पर रहता है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार घटकर 4.04 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा। ऐसे में भारत के 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना 2029-30 से पहले पूरा नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के समय में बाहरी कारकों और अनियंत्रित सट्टेबाजी के कारण रुपये में काफी गिरावट आई है। इससे बचने के लिए भुगतान संतुलन के मोर्चे पर संरचनात्मक बदलाव करने होंगे।

आयात प्रतिस्थापन और निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एकीकरण के सुरक्षा उपायों को व्यवस्थित करना होगा। भुगतान संतुलन की समस्या से निपटने के लिए व्यापक उपाय जरूरी रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से ऊपर रहने और परिवहन एवं बीमा लागत में भारी वृद्धि के कारण देश के भुगतान संतुलन पर असर पड़ रहा है।

# पीएम की विदेशी मुद्रा बचत अपील पर बढ़ी आर्थिक चिंता

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की विदेशी मुद्रा की अपील से विकास की गति सुस्त पड़ जाने का खतरा भी है। दरअसल, पीएम की उपभोग में कटौती पर केंद्रित है, मगर यह टिकाऊ समाधान नहीं है। असल जरूरत भारत के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने की है। पीएम की अपील में जिन चीजों का जिक्र है, उनका बड़ी मात्रा में आयात किया जाता है। जब हम सोना, खाद, खाद्य तेल से लेकर टूथब्रश तक देश के बाहर से खरीदते हैं, तो इससे आरबीआई के पास जमा विदेशी मुद्रा का भंडार कम हो जाता है।

दरअसल, देश के बाहर से सामान मंगाने के लेनदेन में हम अपने रुपये का इस्तेमाल कर डॉलर खरीदते हैं और फिर उन्हीं डॉलर का इस्तेमाल कर देश के बाहर से सामान मंगाते हैं। सामान्य परिस्थितियों में, दुनियाभर के लोग भी भारतीय सामान खरीदते हैं

### निर्यात कम होने से रुपये की कमजोरी का खतरा



और इस तरह वे भारतीय रुपये खरीदने के लिए डॉलर का इस्तेमाल करते हैं। इसके परिणामस्वरूप आरबीआई के पास मौजूद भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर की बढ़ोतरी होती है, लेकिन अगर भारत का आयात, निर्यात से कहीं अधिक हो जाए, तो स्थिति असंतुलित हो सकती है। ऐसी स्थिति में भारत डॉलर खर्च करता रहेगा, लेकिन उसे बदले में उतने डॉलर नहीं मिलेंगे।

# अपील पर अमल: खर्चों में कमी से बचेंगे 5.6 लाख करोड़ रुपये, बदलेगी देश की तस्वीर



**नई दिल्ली।** भारत ने विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए खपत घटाने का मास्टर प्लान तैयार किया है। तेल, सोना और विदेश यात्रा पर लगाम लगाकर देश 5.6 लाख करोड़ रुपये बचा सकता है, जो अर्थव्यवस्था को स्थिरता देने के लिए संजीवनी साबित होगा। ईरान संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उछाल के बीच पीएम नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल के संयमित इस्तेमाल, सोने की खरीद एक साल रोकने और विदेश यात्रा नहीं करने की अपील पर अमल से भारत एक साल में 59.2 अरब डॉलर (करीब 5.6 लाख करोड़ रुपये) की विदेशी मुद्रा बचा सकता है। अनुमान वित्त वर्ष 2025-26 के कच्चा तेल, सोना, खाद्य तेल और उर्वरक आयात के साथ विदेश यात्रा पर खर्च के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। भारत ने 2025-26 में 135 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था। उधर, सरकार ईंधन खपत में 20% तक की कटौती करना चाहती है, जिससे सालाना 27 अरब डॉलर की बचत होगी। इसी प्रकार, बीते वित्त वर्ष भारत ने 72 अरब डॉलर का सोना आयात किया था। अगर इसमें 10% की भी कमी आती है, तो हर साल 7.2 अरब डॉलर की बचत होगी।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पहला कैदी- तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
दूसरा कैदी- बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
पहला कैदी- वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
दूसरा कैदी- वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

---

बॉयफ्रेंड- जानू कहां गायब थी 3 घंटे से?
गर्लफ्रेंड- मॉल गई थी बेबी, शॉपिंग करने।
बॉयफ्रेंड- अच्छा जानू, क्या-क्या लिया?
गर्लफ्रेंड- बेबी, एक हेयर बैंड और 45 सेल्फी।

---

भिखारी- साहब 10 रुपये दे दो कुछ खा लूंगा।
साहब शर्म नहीं आती तुम्हें, सड़क पर खड़े होकर भीख मांगते हो।
भिखारी- तो क्या दफ्तर खोल लूं?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 13 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



मेघा गुप्ता (अभिनेत्री)

सुनीता सिंह, सुमन आजाद, जयंती रंगनाथन, आलोक शर्मा (पीआरओ नगरायुक्त), अंकुर त्यागी

प्रमोद ठाकुर, आलोक शर्मा, वीरू शर्मा, सुदर्शन प्रसाद, अजय नागर, मुकेश कुमार

मनीष गुप्ता, हरिओम शर्मा, मोहित गिरी, पुष्पेन्द्र शुक्ला, नितिन मित्तल, विशाल पांचाल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

नई दिल्ली दैनिक करंट क्राइम
05 बुधवार • 13 मई -2026





# करंट क्राइम के मंच पर पाठकों ने बताये अपनी पसंद के पॉपुलर फेस

## राजनीतिक चेहरों को लेकर दिखा ज्यादा क्रेज, सैकड़ों की संख्या में प्राप्त हुए संदेश




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम समय-समय पर अपने पाठकों से राजनीतिक-सामाजिक मुद्दों पर सवाल करता है। दैनिक करंट क्राइम जनता की आवाज है और हमेशा वो इस आवाज को बनकर सामने आता है। अलग-अलग मुद्दों पर जनता की राय जानी जाती है। पाठक अपनी-अपनी बात रखते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने ये सवाल रखा था कि गाजियाबाद में कौन सबसे पोप्यूलर है। हालांकि दैनिक करंट क्राइम ने स्पष्ट नहीं किया था कि सियासत में कौन पोप्यूलर है या समाजसेवी में कौन पोप्यूलर है, लेकिन दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर पाठकों ने खुद को पॉलिटिक्स से कनेक्ट कर लिया। पाठकों ने बात रखी। यहां पर पाठकों ने कई अलग-अलग नाम लिये। हो सकता है इनमें कुछ किसी खास नेता के समर्थक हों, कुछ किसी खास नेता के समर्थक हों, लेकिन दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरी जानकारी को साझा किया। दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर शब्दों का उबाल आया। जनता ने अपनी-अपनी पसंद के नामों को रखा। जनता किसे टीआरपी का बादशाह मानती है, जनता किसे सबसे ज्यादा पोप्यूलर मानती है ये जनता ने अपने कमेंट के जरिये बताया। इसपर मिश्रित प्रतिक्रिया आई है। जनता ने कई नाम लिये और उन्हें पोप्यूलर बताया। दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों के लिये ये पूरा सर्वे लेकर आया है। सभी ने अलग-अलग नेताओं को पोप्यूलर बताया है, मिश्रिति प्रतिक्रिया दी है। पाठक अपनी-अपनी पसंद के नाम को सबसे ज्यादा पोप्यूलर बता रहे हैं।

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**राम अवतार जिंदल**
ओनली दीपक भाटी हमारे प्रिय भाई आप वो शख्सियत हैं जो सबके चेहरे पर मुस्कान रखने की पूरी कोशिश करते हैं, इतनी अच्छी न्यूज सोच के साथ परदर्शिता करते हुए मुस्कान देकर सबको खुश कर देते हैं और ये हंसी केवल भाटी जी के पास मिलेगी।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**तनुज गंभीर**
जिलाधिकारी आईएएस रविंद्र सिंह मांदड, जो जनसुनवाई के माध्यम से जनता की परेशानी को हल करने के लिए आवश्यक कार्य कर रहे हैं। आईपीएस राज कर्ण नैय्यर सर और आईपीएस केशव चौधरी सर जो लगातार हम सभी की सुरक्षा के लिए शानदार पुलिसिंग कर रहे हैं।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**सुखवीर सिंह सोलंकी**
दीपक भाटी और करंट क्राइम। सुबह उठते ही लोग सबसे पहले इसे ही पढ़ते हैं। कभी कोई आया था और वाकई बहुत पापुलर हुआ। लोग आज भी उन्हें 'माननीय जी' के नाम से याद करते हैं।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**ठाकुर राहुल सिंह**
संघर्षशील पार्टी के कार्यकर्ता से लेकर विधायक तक का रास्ता तय करने वाले बड़े भैया संजीव शर्मा और भाई के रूप में उनके साथ देने वाले कार्यकर्ता।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**रोबिन सिंह तोमर**
निश्चित रूप से, महादेव ही सर्वोपरि हैं और शिव से बड़ा कोई नहीं है। बाबा दूधेश्वर नाथ की महिमा और आस्था के सामने सांसारिक नाम या नेता छोटे हैं। महादेव की शक्ति : शिव का न आदि है न अंत।
Like Comment Share

**लवली कौर**
करंट क्राइम न्यूज पेपर।

**अजय प्रमुख**
अब समय बदल गया है जिसका टिकट होगा वही पॉपुलर है।

**मजबूर गाजियाबादी**
लालमन लस्सी वाला।

**अशोक वासुदेवा**
श्रीदूधेश्वरनाथ महादेवजी।

**स्वामी मोहन**
स्मार्ट मीटर, जिस पर बीती है वही समझ पाता है। कल मेरे स्मार्ट मीटर का बैलेंस 3600 था जो अचानक से -3600 दिख रहा है तो हुआ ना सबसे स्मार्ट मीटर पॉपुलर।

**सुभाष चन्द गौतम**
भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी, भाई दीपक भाटी जी।

**सुमित चौधरी गुर्जर**
प्रशांत चौधरी एमएलसी

**प्रवीण भाटी**
सिर्फ और सिर्फ एक ही नाम जय सिद्ध बाबा की।

**सुनील गुप्ता**
विधायक संजीव शर्मा जी से बेहतर कोई नहीं।

**सुदर्शन पंडित**
गाजियाबाद में एक ही व्यक्ति पॉपुलर है जिनके चर्चे लखनऊ और दिल्ली तक है माननीय विधायक श्री अजीत पाल त्यागी जी।

**राजीव शर्मा**
सबसे पॉपुलर है करंट क्राइम और उसके बाद आप दीपक जी और उसके बाद मैं।

**मीना कौशिक**
एक पॉप्युलर होता है और एक दबंग होता है। दोनों में अंतर होता है। वैसे पापुलैरिटी का नाम पूछ कर एक गड़बड़ हो रही होगी जरुर पक्का पक्का क्योंकि जिस जिसकी दावेदारी है वह आपस में एक दूसरे के कट्टर तिरछी निगाहों से देखेंगे मंच पर तो सबको मिलना ही पड़ेगा लेकिन भीतर ही भीतर कुछ कुछ कह रहे होंगे इसलिए क्यों बेकार में कार्यकर्ताओं को पिसवा रहे हो क्योंकि वह तो किसी न किसी का नाम लेंगे ही। ऊपर के लोगों का तो कुछ बिगड़ता नहीं बस कार्यकर्ता को फंसा रहे हो, रही बात टिकट की तो ईश्वर अल्लाह तेरे नाम सबको सम्मति दे भगवान। दीपक जी मुबारक हो लोग पॉपुलर में आपका नाम अधिक लिख रहे है यानी टिकट की दावेदारी आपकी बन गई आपको याद होगा तमाम ऐसी हिस्ट्री है कई लोग डायरेक्ट सांसद बन गए और कई लोग पार्लियामेंट में जा पहुंचे है पत्रकार लोग तो बस अगला नंबर आपका ही दिख रहा है लोगों के मुताबिक क्योंकि पापुलैरिटी के नाम पर देखो जरा किस-किस ने आपका नाम डाला है।

**संदीप त्यागी**
पहले गाजियाबाद के किसानों के लिए भी #पॉपुलर एक अतिरिक्त आय का साधन था, खेत में होने वाली फसल के साथ खेत की मेढ़ पर लगे #पॉपुलर से भी 4 से 5 साल में आमदनी हो जाती है हमारे खेतो के चारो तरफ मेढ़ पर भी #पॉपुलर हुआ करते थे मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत, शामली, बुलंदशहर आदि इन जिलो में किसान आज भी #पॉपुलर उगाते हैं अब हमारे जिला गाजियाबाद में #पॉपुलर ना के बराबर ही है।

**संदीप कुमार**
संजीव शर्मा और अतुल गर्ग की जोड़ी सबसे ज्यादा पापुलर है।

**हरीश कसाना**
दीपक भाभी जी सबसे ज्यादा पापुलर हैं।

**वन्दना गर्ग जोशी**
दीपक जी आप ही हो।

**सिमरन रंधावा**
दीपक भाटी जी और करंट क्राइम सबसे ज्यादा फेमस हैं।

**रानी देवश्री**
करंट क्राइम के उठते सवालों का करंट सबसे ज्यादा पापुलर है।

**संजय त्यागी**
लोकप्रिय सांसद श्रीमान अतुल गर्ग जी गाजियाबाद विधायक युवा दिलों की धड़कन संजीव शर्मा जी लेडी आयरन नेता सदन और गाजियाबाद की महापौर बहन सुनीता दयाल जी।

**परमाकान्त शर्मा**
करंट क्राइम और दीपक भाटी जी।

**मनि रियार**
करंट क्राइम अखबार और दीपक भाटी जी बेबाक और निर्भय समाचार प्रकाशित करते हैं।

**कुलदीप कसाना**
दीपक भाटी जी और करंट क्राइम गाजियाबाद में सबसे ज्यादा फेमस हैं।

**पंचम चौधरी**
अब मैं अपने मुंह से कैसे अपना नाम ले सकता हूं। गाजियाबाद की जनता स्वयं समझदार है।

**आशू अब्बासी**
गाजियाबाद में आज जिस शख्स का नाम है वह है परम आदरणीय दीपक भाटी जी।

**डब्बी प्रमुख**
डॉ अजय शर्मा जी और संजीव शर्मा जी एक बेहतरीन इंसान हैं।

**किरणपाल मावी**
भाजपा एवं संजीव शर्मा जी गाजियाबाद के दिलों की धड़कन बन चुके हैं।

**अरुण कुमार**
हमें तो आप ही लगते हो। आप जिस तरह से निर्भय होकर समाचार प्रकाशित करते हैं।

**कपिल मित्तल**
बड़े भैया पॉपुलर तो मैं ही हूं वह बात अलग है कि अभी कोई चुनाव लड़ने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं है मेरी।

**भूषण शर्मा**
हमारे यशस्वी विधायक माननीय श्री संजीव शर्मा जी गाजियाबाद के लिए अत्यंत आवश्यक व्यक्ति हैं।

**अशु कुमार वर्मा**
हमें तो दीपक भाटी ही लगते हैं। उन्हीं की वजह से गाजियाबाद के सटीक और अंदरूनी समाचार हम तक पहुंचते हैं।

**विनीत त्यागी**
अजीतपाल त्यागी।

**चौधरी अमृता सिंह**
ऐसे सवाल क्यों पूछते हो भाई बाहर निकल आते हैं?

**राजन आर्य वाल्मीकि**
करंट क्राइम। सुबह उठते ही लोग सबसे पहले मोबाइल में इसे ही खोलते हैं तो इससे ज्यादा फेमस क्या ही होगा...

**जगमोहन सिंह**
करंट क्राइम सबसे ज्यादा फैमस।

**संजय त्यागी**
करंट क्राइम और आप दीपक भाटी जी गाजियाबाद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**प्रदीप गर्ग**
दीपक भाटी और करंट क्राइम ही सबसे ज्यादा फेमस हैं।

**प्रीति चंद्र राय**
दीपक भाटी जी और करंट क्राइम न्यूज पेपर।

**एडवोकेट विपिन सैनी**
वैसे आपसे ज्यादा भी कोई चर्चित नहीं है इस शहर में बड़े भैया। आपकी लेखनी की धार अच्छे-अच्छों को छीलकर रख देती है।

**दीपक ऋषिपाल भाटी**
दीपक भाटी जी आप ही सबसे ज्यादा पापुलर हैं।

**विनित सुदेश चौधरी**
संजीव शर्मा जी गाजियाबाद के लिए सबसे प्रमुख व्यक्ति हैं।

**राहुल गिरी गोस्वामी**
जब कमल का फूल खिलता है तो गाजियाबाद उसकी खुशबू से महक उठता है।

**भाई रवीन्द्र गोस्वामी**
करंट क्राइम और दीपक भाटी जी।

**हेमंत जोशी**
विधायक संजीव शर्मा जी।

**संदीप चौरसिया**
बड़े भाई अजीत पाल त्यागी जी, बड़े भाई मयंक गोयल जी, बड़े भाई गौरव चोपड़ा जी गाजियाबाद के प्रमुख व्यक्तियों में से एक हैं।

**धर्मेन्द्र चौधरी**
संजीव शर्मा जी।

**सिमल शर्मा**
संजीव शर्मा जी।

**अजय गुप्ता**
आप ही सबसे ज्यादा पापुलर हैं।

**संदीप पाल**
संजीव शर्मा जी।

**प्रदीप चौहान वाल्मिकी**
आप और आपकी स्माइल सबसे ज्यादा फेमस है।

**पंकज तिवारी**
पंडित अमरपाल शर्मा।

**डॉ. राजीव त्यागी 'राज'**
मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी जी।

**सुनील चौधरी खोखर**
मुरादनगर विधायक श्री अजीतपाल त्यागी जी।

**प्रवीण बत्रा**
सबसे ज्यादा पॉपुलर वो होता है जो हरफनमौला हो ओर लोग के दिलों की गहराइयों में निवास करता हो। ऐसा ही एक इंसान रोज सुबह मुझे शीशे में दिखाई देता है जब मैं शेव बनाता हूं। मेरे इतना कहते ही आप भी समझ गए और जो भी मेरा कमेंट पड़ेगा वो भी समझ जाएगा। इस से ज्यादा पॉपुलर और कौन हो सकता है।

**देवेंद्र सैन**
दुधेश्वर नाथ मंदिर।

**सुनील चौधरी खोखर**
मुरादनगर विधायक श्री अजीतपाल त्यागी जी।

**अवतार भाटी**
हिंडन नदी और दूधेश्वर नाथ मंदिर।

**काजल एस त्यागी**
आप।

**एमडी आमिर भाई**
दमदार, शानदार, सबसे लोकप्रिय दीपक भाटी।

**पप्पू पहलवान**
संजीव शर्मा।

**सोनू भाटी**
मैं ही हूं बस अब तो मैं ही हूं।

**उपेन्द्र प्रताप सिंह शिशोदिया**
मुरादनगर विधायक श्री अजीतपाल त्यागी जी।

**युग छाबड़ा**
संजीव शर्मा जी।

**हिमांशु लव शर्मा**
परम आदरणीय दीपक भाटी।

**कुलदीप कुमार**
माननीय पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा जी, आज भी जनता उनके पास आपने काम के जाती है।

**मनोज पंडित**
पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय यादव समाजवादी पार्टी, वरिष्ठ समाजसेवी भूषण पंडित।

**विनीश चौधरी**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)

**श्याम शर्मा**
संजीव शर्मा जी

**विष्णुदीप गर्ग**
नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, विष्णुदीप गर्ग

**आकाश सैनी**
गौरव चोपड़ा गाजियाबाद के सर्वश्रेष्ठ नेता।

**सचिन कुमार सैनी**
नितिन मित्तल।

**तेजेंद्र सिंह**
भारतीय जनता पार्टी। बड़े भैया श्री मयंक गोयल जी।

**जग्गी भाई**
सदर विधायक बड़े भाई संजीव शर्मा जी।

**परवेज चौधरी**
सलीम विशाल।

**नमित वार्ष्णेय**
करंट क्राइम और उनके समाचार संपादक श्री दीपक भाटी जी।

**रविंदर चौधरी**
महापौर सुनीता दयाल जी

**विक्रम सिंह2**
दीपक भाटी जी आप

**अनिल डागर**
शहर विधायक संजीव शर्मा

**मनीष मित्तल**
मैं ही हूं जिसे सब तलाश रहे हैं।

**अमित कल्याणी प्रजापति**
सिर्फ एक ही नाम है सब जानते हैं।

**नितिन त्यागी**
सुरेश रैना

**परवीन अरोड़ा**
पता नहीं, पता करके बताता हूं।

**प्राची शर्मा**
एकमात्र 'करंट क्राइम' समाचार पत्र।

**रोटेरियन सुभाष गुप्ता**
मेरे अलावा कोई चर्चित नहीं है।

**दीपक सिंह**
सबसे ज्यादा पॉपुलर वो होता है जो हरफनमौला हो ओर लोग के दिलों की गहराइयों में निवास करता हो। ऐसा ही एक इंसान रोज सुबह मुझे शीशे में दिखाई देता है जब मैं शेव बनाता हूं। मेरे इतना कहते ही आप भी समझ गए और जो भी मेरा कमेंट पड़ेगा वो भी समझ जाएगा। इस से ज्यादा पॉपुलर और कौन हो सकता है।

**मज्जू चौधरी**
नेता वही पॉपुलर होता है जो जनता के बीच रहता है। फैसल हुसैन जी और वीरेंद्र यादव जी लगातार धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन, जनसंपर्क कर रहे हैं। बिजली कटौती हो या हाउस टैक्स, नाली का मुद्दा हो या रोजगार - हर बार सबसे आगे यही दिखते हैं। 2027 में गाजियाबाद की 5 में से 5 सीट जितानी है तो इन्हीं चेहरों के पीछे पूरी ताकत लगानी पड़ेगी। गाजियाबाद बोले - फैसल-वीरेंद्र जिंदाबाद, अबकी बार सपा सरकार।

**चौधरी अंकित यादव**
युवा दिलों की धड़कन बड़े भाई अमन यादव जी।

**अमित प्रधान**
अमन यादव नाम नहीं ब्रांड है जिले गाजियाबाद के अंदर

**सुनील कुमार शर्मा**
पॉपुलर तो सभी हैं लेकिन जो जनता के हित की बात करे जनता के कामों को करने में आगे हो बेसहारा का सहारा हो लास्ट पंक्ति वाले व्यक्ति के कार्यों को सबसे पहले करने वाला हो ऐसा व्यक्ति ज्यादा पॉपुलर होता है जैसे सुनील कुमार शर्मा मास्टर जी महानगर संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद।

**धर्मेश शर्मा**
गाजियाबाद की शान अभिषेक गर्ग।

**जॉनी जीनवाल**
बड़े भैया आप से ज्यादा पॉपुलर कोई नहीं है।

**अजय कुमार**
करंट क्राइम मनोज सर और दीपक भैया।

**सुरेंद्र नायक**
सिर्फ एक नाम...अभिषेक गर्ग।

**जीतू कुमार**
हर इंसान की मदद करने वाले...जाना माना चेहरा.. अभिषेक गर्ग।

**किशोर**
सिर्फ एक ही नाम....अभिषेक गर्ग।

**रेजा रजा**
जनता की एक ही आवाज.. अभिषेक गर्ग..जय हो विजय हो..

**पुनीत शर्मा**
सबसे ज्यादा पॉपुलर है जग्गी।

**गुरप्रीत सिंह**
सिर्फ एक ही नाम है...अभिषेक गर्ग

**अनिल बंसल**
पप्पू पहलवान जी।

**एमडी नाइस**
गाजियाबाद में सिर्फ एक ही नाम..अभिषेक गर्ग

**सचिन वर्मा**
शेर तो कोई भी बन सकता है, लेकिन असली शेर वही होता है जो जनता के दिल पर राज करता है। अमनयादव नेता जी गाजियाबाद

**देवेंद्र कुमार**
देखिये मेरा नाम तो लेना मत आप। गाजियाबाद की जनता सबसे प्यारी है। देवा भैया प्रजापति- समाज सेवी

**विकास त्यागी पार्षद**
करंट क्राइम पेपर सबसे ज्यादा पॉपुलर। नेताओं मे श्री अजीत पाल त्यागी।

**कृष्णा यादव**
सिर्फ एक ही नाम...अभिषेक गर्ग।

**दिनेश सिंह**
लोकप्रिय बोले तो विकास पुरुष संजीव शर्मा जी या तो सब हवा हवाई है इस बार।

**अखिल त्यागी**
अजीतपाल त्यागी जी सबसे लोकप्रिय नेता हैं दीपक भाटी जी।

**ठा. राजवर्धन सिंह**
भाई साहब जिसका सिक्का जो जनता के बीच में रहा वही सबसे अच्छा लीडर है बाकी समय पर सब अपना रंग दिखाते हैं। हर हर महादेव

**संजय त्यागी**
गाजियाबाद में एक ही सबसे प्यारा नाम ...अभिषेक गर्ग।

**अभिषेक भाटी**
गाजियाबाद का नाम और दूसरा हमारे प्रिय मयंक गोयल भैया जी।

**देवेंद्र पायल**
सबसे पॉपुलर दीपक भाटी जी हैं जिसका चाहे दीपक जला दें।

**अभिषेक प्रधान**
बाहुबली विधायक मदन भैया जी पांचवी बार विधायक।

शेष, पृष्ठ 7

# करंट क्राइम के मंच पर पाठकों ने बताये अपनी पसंद के पॉपुलर फेस

## राजनीतिक चेहरों को लेकर दिखा ज्यादा क्रेज, सैकड़ों की संख्या में प्राप्त हुए संदेश




**राहुल गांधी** अमन यादव समाजवादी पार्टी।

**विकी यादव** अमन यादव, समाजवादी पार्टी।

**अंबुज सिरोही** बृजपाल तेवतिया जी।

**सुनील चतुर्वेदी** अमन यादव जी समाजवादी पार्टी के नेता जी सबसे सरल और आदर्श व्यवहार और अपने व्यवहार के लिए जाते हैं।

**कुणाल राव यादव** अमन यादव ( समाजवादी पार्टी )

**आदित्य चौधरी** अमन यादव भैया समाजवादी पार्टी

**आयुष यादव** अमन यादव समाजवादी पार्टी

**फहीम सिद्दीकी** संदीप त्यागी ग्यासपुर।

**रहमान चौधरी** संदीप त्यागी मुरादनगर विधानसभा।

**शेख करीम** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**शाहिद मिया** त्यागी मुरादनगर विधानसभा

**अब्दुर मंडल** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**विनोद कसाना** कमल है तो सब लोग सबल हैं।

**विनोद कर्दम** दीपक भाई ही पापुलर हैं।

**वंश त्यागी** अपना बड़ा भाई संदीप त्यागी।

**नरेश कुमार** दीपक भाटी जी और गौरव शशि नारायण की लेखनी में धार है।

**आशीष पाल** गौसेवा और धर्म का प्रचार करने वाले हिन्दू हृदय सम्राट विधायक लोनी श्री नंद किशोर गुर्जर जी। लोनी की जनता की एक पुकार नंद किशोर बार-बार। विधायक नंद किशोर गुर्जर जिंदाबाद।

**देवेन्द्र कुमार** करंट क्राइम सबसे पापुलर गाजियाबाद में।

**भीमसैन जाटव** दीपक भैया एक ही नाम....अभिषेक गर्ग।

**अशोक शर्मा** शहर विधायक संजीव शर्मा।

**नितेश भट्ट** प्रथम दूधेश्वर नाथ बाबा और उनके बाद जनता की आवाज आदर्श बड़े भैया संजीव शर्मा जी।

**बीके रवि कश्यप** स्मार्ट मीटर सुर्खियों में है। सबसे ज्यादा इस समय तो वही पापुलर है भैया।

**अंकित धीर** राहुल बैसला जी।

**अंकित त्यागी** मान्य विधायक अजीत पाल त्यागी जी

**अमित प्रताप** कमल का फूल और भाजपा कार्यकर्ता

**विक्रम चौधरी** किस मामले में....

**सूरज कुमार** उर्वशी साड़ी नेहरू नगर होली चाइल्ड चौराहा।

**अमन कुमार** आपके सहयोगी जी श्री संजीव शर्मा जी

**ललित सिंह फर्त्याल** सचिन डागर

**रंधावा जीतेन्द्र** प्रसिद्ध वही जो सच दिखाये।

**सुनील तोमर** पिंकी भैया एचआरडी हिंदू रक्षा दल

**दिनेश त्यागी** लोनी से राहुल बैसला

**हसन उद्दीन** संदीप साहू ग्यासपुर

**अमित राष्ट्रवादी** हाउस टैक्स

**रीना त्यागी** राहुल भाई

**आदित्य आदि** संदीप त्यागी ग्याशपुर

**अयूब** सबसे लोकप्रिय नाम ....सबके सुख दुख में साथ देने वाले...अभिषेक गर्ग।

**तरुण यादव** अमन यादव समाजवादी पार्टी गाजियाबाद शहर के भावी विधायक।

**अक्षय त्यागी** संदीप त्यागी ग्याशपुर

**यश त्यागी** बस एक ही नाम संदीप त्यागी

**सतीश पारचा** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आदर्श बड़े भाई अभिषेक गर्ग जी जो अपने व्यवहार और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए जाने जाते हैं।

**सुनील सोम** गाज़ियाबाद ही है।

**पवन चौधरी** अमन यादव भाई

**जतिन अरोड़ा** संदीप त्यागी जी ग्यासपुर

**विनोद पाल** नंदकिशोर गुर्जर

**रवि रंजन पांडे** भगवाधारी

**दीपक कुमार** सिर्फ अभिषेक गर्ग

**अर्चना सिंह** गुटबाजी

**उत्कर्ष चौहान** बड़े भाई अमन यादव समाजवादी पार्टी

**डॉ. नवीन उप्पल** आदरणीय श्री सचिन डेढ़ा जी, महानगर उपाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा।

**राजा भैया** राहुल बैसला जी

**निधि शर्मा** हम खुद हैं फेमस। अगर हम किसी को पारंपरिक मानेंगे तो हम कौन हैं सबसे ज्यादा खुद को मानो हम खुद हैं भाई।

**दिनेश कुमार कटेरिया** मनोज धामा

**चीन्टू जोशी** हम ही हैं, बस अब हम ही हैं।

**त्रिलोकी कुमार सिंह** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आने वाले महानगर के यशस्वी अध्यक्ष आदरणीय मयंक गोयल जी।

**विक्रांत नागर** एक ही तो नाम है भाटी जी... अभिषेक गर्ग।

**रोहित परधान** अनिल कसाना

**आशु पंडित** दीपक भाटी

**सौरव शर्मा** पंडित अमरपाल शर्मा

**योगेंद्र राणा** मयंक गोयल जी एवं ठाकुर नीरज सिंह जी एवं संजीव शर्मा जी और गाजियाबाद के मतदाता।

**उदित सुरेश गिरी गोस्वामी** केवल करंट क्राइम समाचार पत्र दीपक भैया का।

**विनीत तोमर** मैं ही हूं, सबको पता है।

**ओमसाई राम** गाजियाबाद शहर की जनता की यही पुकार 2027 में विकास पुरुष सबसे लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा अबकी बार मिशन 2027 पर हैं। विधायक संजीव शर्मा जिंदाबाद।

**सूरज भारद्वाज** पीठाधीश्वर दूधेश्वर नाथ मंदिर

**विकाश शर्मा** सिर्फ पप्पू पहलवान जी

**गौतम राकेश** अभिषेक भैया जिंदाबाद सपा पार्टी जिंदाबाद

**जय करतार सिंह तोमर** जो सबसे ज्यादा लूट रहा है वही सबसे ज्यादा पापुलर है लोकतंत्र में।

**अनुज बंसल** बड़े भैया अमन यादव समाजवादी पार्टी। जय समाजवाद।

**अरशद तोमर** अच्छा हूँ...पिंकी चौधरी जी का क्या होगा गाज़ियाबाद में हिंदुओं की सुरक्षा में उन्हें तलवारें और भाले बांटे।

**सत्येंद्र त्यागी** पापुलर कोई भी हो अगर हाउस टैक्स कम न हुआ तो सब ध्वस्त हो जाएंगे, जनता तैयार बैठी है।

**कासिम खान** सिर्फ एक ही नाम.. अभिषेक गर्ग।

**श्रेय पारस अरोड़ा** हम सबके प्रिय , युवा दिलों की धड़कन महानगर महामंत्री गौरव चोपड़ा जी। हमारे जिले में सबसे ज्यादा पॉपुलर हैं।

**सुशील कुमार** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**प्रदीप बाजपेयी संघी** लालमन लस्सी वाला

**जसबीर सिंह** मैं ही फेमस हूं।

**सराफत खान** राहुल भाई बैसला जी

**राजवीर सिंह** लोनी का फैसला राहुल बैसला

**सतेन्द्र यादव** संजीव शर्मा जी। बहुत ही सुलझे हुए और व्यवहार कुशल व्यक्ति। एक दिन बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल करेंगे।

**शहबाज खान** अभिषेक गर्ग. पीडीए. परिवार की आवाज।

**संचित गोयल** गाजियाबाद की आन बान शान...अभिषेक गर्ग।

**पुष्पेंद्र कुमार** गाजियाबाद में हर एक कंकर भी शंकर है। अब मैं किसी एक व्यक्ति विशेष की क्या प्रशंसा करूं यहां तो सभी हीरे हैं सबकी अपनी अपनी विशेषताएं हैं।

**किशन शर्मा** माननीय विधायक श्री प्रशांत चौधरी जी

**नवनीत झा** बड़े भाई अमन यादव समाजवादी पार्टी

**दीपक हलदुआ** बिजली विभाग व नगर निगम जो बैठे बैठाए आपकी शिकायत रिसॉल्व कर देते हैं।

**शैलेश गौतम** पापुलर वही होगा जिसने मुआवजे का पैसा संभाल कर रखा होगा। ज्यादातर युवा अपने बुजुर्गों का पैसा बर्बाद कर रहे हैं। कोई गाड़ियों में कोई प्रॉपर्टी में सारे के सारे अपने को जमींदार समझ रहे हैं अपना ध्यान रखो पैसे का निवेश करो जिससे तुम्हारे बच्चे खराब न हो।

**संजय शर्मा** आशा शर्मा जी

**निखिल त्यागी** जिसे परमात्मा पॉपुलर करना चाहे वही पॉपुलर हो सकता है।

**दीपक त्यागी** जो अपने देश के लिए और राष्ट्रीय हित के लिए कार्य कर रहे हैं सभी कार्यकर्ता ही पॉपुलर है।

**रिजवान अली** अभिषेक गर्ग जी।

**सोनू वर्मा** गाजियाबाद की जनता की एक ही आवाज...अभिषेक गर्ग

**संग्राम त्यागी भारद्वाज** जलवा था जलवा है जलवा रहेगा बड़े भैया संदीप त्यागी ग्यासपुर का।

**गुड़िया धीर** राहुल बैसला जी

**जमालुद्दीन सिद्दीकी** गुड़िया भैया

**राजीव यादव** एक ही नाम है जो गाज़ियाबाद सदर हो या मुरादनगर हो या पूरा जिला गाज़ियाबाद हो श्री अभिषेक गर्ग भावी नेता समाजवादी पार्टी जिंदाबाद।

**महिपाल सिंह रावत** गाजियाबाद में सबसे ज्यादा पॉपुलर शिक्षा माफिया जो हर साल मनमानी फीस वृद्धि करता है।

**राजू पंत** राजू पंत है। ......छात्रों के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम, टॉपर्स प्लेटफॉर्म।

**सचिन कुमार** सबसे लोकप्रिय है खराब कानून व्यवस्था। सड़क पर लगा जाम, जहरीली हवा और कूड़े का लगा अंबार।

**नवनीत बख्शी** पंडित अमरपाल शर्मा जी

**आयशा विश्वास** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**पप्पू पंडित** जय हो

**कैलाश सिंह परिहार** भाजपा का संगठन

**मुगल बादशाह सिराज** संजीव शर्मा विधायक जी

**साजिद हुसैन** त्यागी मुरादनगर विधानसभा

**रविन्द्र कुमार निवाड़ी** जनता सेवक विधायक संजीव शर्मा एवं पप्पू पहलवान जिंदाबाद।

**आकाश असवाल** अमन यादव

**अक्षय तिवारी** युवा और ऊर्जावान नेता श्री अमन यादव – समाजवादी पार्टी

**रवि गोस्वामी** पप्पू भाई साहब

**विकास सागर** हम हैं हम

**राशिद अली** गाज़ियाबाद की शान.... अभिषेक गर्ग जी

**वैष्णव गजेंद्र शर्मा** पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा जी

**सियाम हसन** त्यागी मुरादनगर विधानसभा

**सियाम इस्लाम** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**एमडी रहमान** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**नदीम हैदर** गाजियाबाद में सबसे लोकप्रिय व्यक्ति वह है जो दूसरों की सेवा निस्वार्थ करता है।

**रफीक चौधरी** संदीप त्यागी मुरादनगर विधानसभा

**सैम करीम** सुदीप त्यागी मुरादनगर विधानसभा

**फहीम मजूमदार** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**कमल पटवारी** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**रहमान खान** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**अब्दुर पटवारी** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**फरहान उद्दीन** संदीप त्यागी मुरादनगर विधानसभा

**सब्बीर अहमद** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**चौधरी आकाश हिंदू** पिंकी भैया

**डीके डियरिंग राइडर** संदीप त्यागी ग्यासपुर

**अमित जलोटा** झूठे वादे गाजियाबाद के सबसे ज्यादा पापुलर

**रामावतार सिंह** दिन-रात भारत माता को परम वैभव तक ले जाने के लिए सभी प्रयासरत हैं। इसीलिए सभी पॉपुलर हैं।

**जेपी अग्रवाल** हम पापुलर हैं। कोई शक।

**नवनीत शर्मा** भारतीय जनता पार्टी और उसके यशस्वी महानगर अध्यक्ष बड़े भैया मयंक गोयल।

**इमरान रिजवान** इमरान रिजवान ही पापुलर है।

**जमाल मंडल** संदीप साहू ग्यासपुर

**सचिन पांचाल** सबसे लोकप्रिय है भैया सड़कों के गड्ढे।

**रूपेश त्यागी** समय बलवान है

शेष, पृष्ठ 9

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा

## दो दिवसीय विशेष अभियान में 89 आरोपी गिरफ्तार

## 1446 अपराधियों को किया गया चिन्हित, 1246 का सत्यापन





### 1446 अपराधियों को किया गया चिन्हित, 1246 का सत्यापन

**करंट क्राइम** : इस अभियान के दौरान कमिश्नरेट के नगर, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 1446 अपराधियों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 1246 अपराधियों का सत्यापन कर उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण और न्यायालय के आदेशों की समयबद्ध तामील सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।

सीपी जे रविंदर गौड के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान अपराधियों का सत्यापन, गैर जमानती वारंट, जमानती वारंट, समन और नोटिसों की तामील बड़े स्तर पर की गई। अभियान के दौरान कुल 89 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

सीपी के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाना था, जो पिछले पांच वर्षों में स्नैचिंग, लूट और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं। इसके साथ ही न्यायालय से जारी आदेशों को प्रभावी रूप से लागू कर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के दौरान गैर जमानती वारंट की तामील करते हुए कुल 89 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि लंबे समय से न्यायालयी प्रक्रिया से बच रहे आरोपियों पर यह कार्रवाई विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है।

### क्षेत्रवार सत्यापन की स्थिति

| नगर क्षेत्र | ट्रांस हिंडन क्षेत्र | ग्रामीण क्षेत्र |
|---|---|---|
| चिन्हित अपराधी : 320 | चिन्हित अपराधी : 631 | चिन्हित अपराधी : 495 |
| सत्यापित अपराधी : 284 | सत्यापित अपराधी : 506 | सत्यापित अपराधी : 456 |

*पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सत्यापन के माध्यम से अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, जिससे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।*

### समन और वारंट तामील में भी बड़ी कार्रवाई

**करंट क्राइम** : विशेष अभियान के दौरान न्यायालय से जारी इलेक्ट्रॉनिक समन, डाक से प्राप्त समन, गैर जमानती वारंट, जमानती वारंट और नोटिसों की तामील भी बड़े पैमाने पर की गई।

### प्रशिक्षु आरक्षियों को मिला मैदानी अनुभव

करंट क्राइम : विशेष अभियान में विभिन्न थानों पर तैनात प्रशिक्षु आरक्षियों को भी शामिल किया गया। उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अवसर दिया गया, जिससे उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और आमजन में सुरक्षा व विश्वास की भावना मजबूत हो सके।

### क्षेत्रवार कार्रवाई का विवरण

**नगर क्षेत्र**
इलेक्ट्रॉनिक समन : 574
डाक समन : 246
गैर जमानती वारंट : 21
जमानती वारंट : 111
नोटिस : 87

**ट्रांस हिंडन क्षेत्र**
इलेक्ट्रॉनिक समन : 248
डाक समन : 151
गैर जमानती वारंट : 10
जमानती वारंट : 56
नोटिस : 61

**ग्रामीण क्षेत्र**
इलेक्ट्रॉनिक समन : 634
डाक समन : 235
गैर जमानती वारंट : 58
जमानती वारंट : 81
नोटिस : 66



### कमिश्नरेट स्तर पर कुल कार्रवाई




इलेक्ट्रॉनिक समन : 1456
डाक समन : 632
गैर जमानती वारंट : 89
जमानती वारंट : 248
नोटिस : 214



# सड़क पर लापरवाही पड़ेगी भारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों समेत 5657 चालान

## देर रात तक चला विशेष प्रवर्तन अभियान, 23 प्रमुख चेकिंग प्वाइंट पर रही पुलिस की पैनी नजर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों, अवैध हूटर-सायरन, प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। दो दिनों तक चले इस अभियान में हजारों वाहन चालकों पर चालान की कार्रवाई कर नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ा संदेश दिया गया।

### ट्रैफिक पुलिस का बड़ा अभियान

यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश और सीपी गाजियाबाद के नेतृत्व में 9 और 10 मई को रात 8 बजे से 11 बजे तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के 23 प्रमुख तिराहों, चौराहों और चेकिंग प्वाइंट पर यातायात पुलिस की टीमें तैनात की गईं। अभियान के दौरान सड़क हादसों के प्रमुख कारणों को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों की सघन जांच की गई।

### नियम तोड़ने वालों से लेकर शराब पीने वाले आए रडार पर



**करंट क्राइम** : डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन और एडीसीपी वरुण कुमार सिंह ने बताया है कि ट्रैफिक पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर के जरिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की। विशेष अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 127 वाहन चालकों के चालान किए गए। वहीं अवैध रूप से हूटर, सायरन और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करने वाले 289 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले 170 वाहन चालकों के खिलाफ भी चालान किए गए। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन सहित कुल 5657 चालान किए गए। वहीं यातायात पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और अनधिकृत हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न तथा मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।


# विधायक निधि से न्यू शांतिनगर में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड-27 न्यू शांतिनगर ढूंढाहेड़ा में शहर विधायक संजीव शर्मा ने विधायक निधि से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। यह निर्माण कार्य हरीश के मकान से धीरेन्द्र के मकान एवं रियल एजुकेशन स्कूल तक कराया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत करीब 9.52 लाख रुपये बताई गई है। लोकार्पण के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क, स्वच्छ जल निकासी और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा जनहित से जुड़े हर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और आशीर्वाद से विकास का अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है और प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, आशाराम त्यागी, संदीप शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष महीम गुप्ता, चेयरमैन संदीप पाल, संजय त्यागी, एसपी त्यागी, दिनेश त्यागी, शिवकुमार त्यागी, हिमांशु सहित स्थानीय निवासी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोहा मंडी में व्यापारियों के साथ एसीपी एवं थाना प्रभारी की बैठक हुई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में संगठन के सभागार 108 लोहा मंडी पर लोहा व्यापारियों और गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण एसीपी सूर्यबली मौर्य, कवि नगर थाना प्रभारी अनुराग शर्मा और लोहा मंडी चौकी इंचार्ज विकास बालियान के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

कानून व्यवस्था, ट्रैफिक कंट्रोल, और ट्रैक्टर ट्रॉली के संचालन में आ रही परेशानियों के संबंध में व्यापारियों ने समस्याएं उठाईं जिसका एसीपी एवं थाना प्रभारी द्वारा उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

लोहा मंडी पधारने पर पुलिस अधिकारियों का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया और बैठक के उपरांत अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से बैठक में अतुल कुमार जैन, अंबरीश जैन, सुबोध गुप्ता, मोहनलाल अग्रवाल ,सतीश बंसल, सुधीर जैन, राजीव मंगल, अविनाश चंद्र, इंद्र मोहन कुमार, सुरेश गुप्ता, गौरव मिगलानी, सुशील जैन,सौरभ गोयल, मुकेश कुमार, वीरेश मित्तल, विशाल सिंघल, नवीन जैन, अचल गुप्ता, संजय मित्तल, संजय बंसल,शुभम गुप्ता, कपिल जैन,अभिषेक कंसल, आशीष गोयल, वंश कुमार, विकास जैन, मुकेश अरोड़ा, राजीव अग्रवाल, पराग गोयल, पुनीत जैन, अखिलेश जैन, रजत अग्रवाल, अनिल मित्तल, विकास गोयल, गौरव अरनेजा, सौरभ अरनेजा के साथ-साथ काफी बड़ी संख्या में वरिष्ठ व्यापारी गण और बहुत बड़ी संख्या में युवा साथी गण उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल भवन संचालन को लेकर तैयारियां तेज, 16 मई को होगी महासभा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निर्मित उत्तरांचल भवन के संचालन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में उत्तरांचल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात कर समिति गठन और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की। नगर निगम द्वारा उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति का गठन सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट-1860 के तहत किया गया है।

भवन के सफल संचालन के लिए अधिक से अधिक लोगों से सदस्य बनने की अपील की गई है। इसके लिए 16 मई को प्रातः 9:30 बजे उत्तरांचल भवन में महासभा आयोजित होगी।

समिति की आजीवन सदस्यता 11 हजार, विशेष सदस्यता 5100 और सामान्य सदस्यता 2100 निर्धारित की गई है।

नगर आयुक्त ने उत्तरांचल समाज के लोगों से महासभा में पहुंचकर सदस्यता ग्रहण करने और समिति को मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में भारतीय पर्वतीय महासभा के प्रतिनिधिमंडल में अभिनव सिंह भंडारी सहित कई सदस्य मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तरांचल भवन के निर्माण और संचालन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर नगर निगम का आभार व्यक्त किया।

# संभव बैठक में 16 शिकायतों की सुनवाई


## नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए पारदर्शिता के निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम में आयोजित संभव बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 16 शिकायतों पर सुनवाई की गई।

बैठक में सबसे अधिक 8 मामले सिविल विभाग से संबंधित रहे, जबकि स्वास्थ्य विभाग और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े 2-2 प्रकरण सामने आए। इसके अलावा पानी, प्रॉपर्टी, अतिक्रमण और उद्यान विभाग से संबंधित एक-एक शिकायत पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुनकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रविंद्र त्यागी, समर्थकों ने दी शुभकामनाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर रविंद्र त्यागी को लगातार शुभकामनाएं मिल रही हैं। इसी क्रम में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन के और अधिक मजबूत होने की उम्मीद जताई।

इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजनगर नीरज त्यागी, आरसी शर्मा, मनोज गिरि, मुकेश शर्मा, श्रीचंद चौहान एवं मनीष दीक्षित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने रविंद्र त्यागी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# डीएमआरसी फोम कंपनी में भीषण आग दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा स्थित डीएमआरसी फोम कंपनी के परिसर में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटों और काले धुएं के गुबार से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग प्लॉट नंबर एच-1 स्थित कंपनी के बाहरी हिस्से में पड़े स्क्रैप और सूखी घास-फूस में लगी थी।



जनपद गौतमबुद्ध नगर के चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर 2:09 बजे प्राप्त हुई थी। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर विभाग की तीन यूनिट्स को मौके पर भेजा गया, जिनमें इकोटेक-1 से दो और सूरजपुर से एक दमकल गाड़ी शामिल थी।

फायर फाइटर्स ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और उसे कंपनी की मुख्य बिल्डिंग तक फैलने से रोक दिया। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चोटी वाले त्यागी ने टीएनटी में क्या ले ली दुकान? सुना है करारी मूंछ वाले त्यागी, दुहाई देने वाले चौधरी और गागर में सागर भरने वालों के खड़े हो गये कान? तीनों ने बनाया एक्सटेंशन के ऑफिस में इस परचेज की हकीकत जानने का प्लान? जानना चाह रहे थे आखिर ये हकीकत है या मामला है सूनसान? पता चला है कि ऑफिस वाले थे चोटी वालों के जानकार? उन्होंने इन तीनों के आगमन की सीसीटीवी फुटेज उस तक पहुंचा दी यार? सवाल यह है कि अगर कोई कर रहा है काम? तो फिर क्यों हैं ये बेमतलब में बेकरार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं तेवतिया जी का देख रहा था इंटरव्यू और बैठा था विधायक जी के खेमे के एक समर्थक के पास? उसने इंटरव्यू देखते हुए कहा कि हमारी तेवतिया जी को सलाह है कि वो मुरादनगर की जगह मोदीनगर में ही करें प्रयास? यहां पर हम उनको देना चाहते हैं एक और राय? वो सांगवान जी से अपना मेलजोल बढ़ायें? इस बात से फर्क नहीं पड़ता है कि हैंडपम्प या कमल के पास जायेगा टिकट? वो उनकी विधानसभा के सांसद हैं? वो मजबूत कर सकते हैं उनका टिकट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था एक कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर आरएलडी की बहनों के साथ साथ भगवा बहनों का भी दिख रहा था वजूद? सुना है यहां पर मैडम रनीता से कह दी हैंडपम्प की ताकतवर लेडी ने बात? कहा थोड़ा अपने वालों को समझाओ? यूं इग्नोर करना नहीं है अच्छी बात? वो तो एनडीए के चेहरों पर डालते ही नहीं है नजर? हमने उनको नमस्ते की, उन्होंने नहीं की इस पर भी कोई फिक्र? तुम बहन अपनी हो इसलिए कर रहे हैं हम तुमसे उनकी संगदिली का जिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से सांसद जी का लगा है खोड़ा में प्रोग्राम? इस कार्यक्रम में उनके साथ लगातार दिखाई दिये हैं पप्पू पहलवान? सुना है तब से हो गये हैं यहां के पालिका वाले दावेदार बहुत ज्यादा परेशान? उनको होने लगा है इस बात का एहसास? सांसद जी ने रख दिया है अब कमांडर के यार पर हाथ? जैसे कमांडर की करी थी वैतरणी पार? देखना प्लान बी में अब होने जा रहा है पहलवान का उद्धार? सुना है हैवीवेट खेमा इस आगमन से हो गया है खबरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से हुई है खोड़ा से पहलवान की मजबूत दावेदारी चालू? सुना है तब से एक्टिव मोड में आ गये हैं मिस्टर कालू ? उन्होंने भी कर दिया है अपने साथियों में ऐलान? स्पष्ट कर दिया है कि इस बार हर सूरत में है हमारा पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का प्लान? हमने देखा साहब ने अपने बर्थडे पर ठोंकी थी कालू भैया की पीठ? इसलिए अब हमको इनके इरादे नहीं लग रहे है ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर कांत का दिल बहुत बड़ा है? वो हर झटके के बाद हो जाते हैं शांत? सुना है उन्हें नहीं मिला है अपने मन मुताबिक वाला पद? फिर भी जो मिला है उससे उनको नहीं गिला है? सुना है उन्होंने अपने इस सदस्य वाले पद के लगा दिये हैं क्षेत्र में बोर्ड? मगर कुछ दिलजले नहीं कर रहे हैं उनको सपोर्ट? गागर में सागर भरने वालों ने मारा है कहीं पर ताना? वो बोले हैं कि जो व्यक्ति महान मंत्री की दौड़ में था? आखिर वो ये सब क्यों कर रहा है? मुश्किल है इस शख्स को समझ पाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने बहुत दिन पहले किया था एक विवाद का जिक्र? बताया था जब त्यागी जी कार्यालय पर बैठे थे तो उनसे किसी ने कह दिया था कि आप वेस्टर्न वाले ऑफिस में जाकर बैठो? वहां से करो सारी फिक्र? हम आपको इस विवाद के पीछे की बता रहे हैं वजह? वेस्टर्न वाले सेकेंड ठाकुर के पास है मॉनीटरिंग का काम? वो त्यागी जी से भी इस कार्य को दे रहे थे अंजाम? त्यागी जी वेस्टर्न वालों को करते थे महानगर वाले ऑफिस में आमंत्रित? बस फिर कुछ सूचना लीक जैसा कुछ हुआ और मच गया घमासान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा कसाना जब से सिस्टम में आये हैं तब से दिख रहे हैं कुछ परेशान? अब उन्हें फिक्र इस बात की है कि पूरे मान से किसी का जीडीए बोर्ड में ना आ जाये नाम? उन्होंने भगवान से लगानी शुरू कर दी है अरदास? कुछ ऐसी ही चर्चा कर रहा था उनका खास? वो कह रहा था काश जल्दी से क्षेत्र की टीम में हो जाये परिवर्तन? तभी बन सकती है कुछ बात? अगर वर्तमान वालों के समय में ये हो गया? तो फिर वो रोके से भी नहीं रूकेंगे साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बहुत ही गहरी खबर आई है अंदर से बाहर? एक बोर्ड मैम्बर के पास आया था ऊपर से फोन? कॉल करने वाले ने कहा था हम आपको फिर से मनोनीत करने के लिए रेडी हैं? अगर आपका है फिर से बोर्ड में जाने का विचार? सुना है इन शब्दों को सुनकर इन मैम्बर ने कर दिया बिल्कुल इंकार? बोले अब हमें आगे के बारे में सोचना है? नहीं है इस जिम्मेदारी को संभालने का कोई विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नलके वाली एक मैडम पहुंची एक कार्यक्रम में भगवा वाली सिंह मैडम के पास लेकर अपनी अरदास? कहा जो चीफ गेस्ट आये हैं उनसे आप हमारी करा दो मुलाकात? मैडम सिंह ने मुस्कुराहट लेकर करा दिया नलके वाली मैडम को चीफ गेस्ट से इंटरड्यूज? उन्हें नहीं पता था कि इसके बाद कुछ बनेगा और ही ताना बाना? सुना है जैसे ही ये मुलाकात सम्पन्न हुई? वैसे ही किसी ने मार दिया उनको ताना? कहा आप अपना संभालो किरदार? क्यों बनते हो बात-बात में आप ठेकेदार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ दो साइबर ठग गिरफ्तार




**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना फेज-वन पुलिस ने बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड केवाईसी और प्वाइंट रिडीम कराने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में एनसीआरपी पोर्टल पर 20 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं। थाना फेज-वन प्रभारी निरीक्षक अमित मान ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से सेक्टर-2 के सी ब्लॉक में संचालित फर्जी कॉल सेंटर पर कार्रवाई कर आरोपी विकास कुमार और सूरज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन, धोखाधड़ी से खरीदे गए पीली और सफेद धातु के सिक्के बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों के खिलाफ 20 से अधिक साइबर शिकायतें दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कमीशन के आधार पर काम करते थे और विभिन्न बैंकों के क्रेडिट कार्ड धारकों का डाटा हासिल कर खुद को बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताते थे। आरोपी केवाईसी अपडेट करने और रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम कराने का झांसा देकर ग्राहकों के मोबाइल में बैंक जैसी दिखने वाली एपीके फाइल इंस्टॉल करा देते थे।

